● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 137, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 25 जून 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ




गडकरी ने रखा 30 हजार किलोमीटर का प्लान 5

टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा इंग्लैण्ड 6

## 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य : पीएम

### पीएम मोदी बोले-देश चलाने के लिए सर्वसम्मति सबसे महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने संसद भवन परिसर में कहा कि संसदीय लोकतंत्र में आज का दिन गौरव मय है, यह वैभव का दिन है। आजादी के बाद पहली बार हमारे अपने नए संसद में यह शपथ हो रहा है, अब तक ये प्रक्रिया पुराने संसद में होती थी। आज के इस महत्वपूर्ण दिन पर मैं सभी नव निर्वाचित सांसदों का स्वागत करता हूं सबका अभिनंदन करता हूं और सबको शुभकामनाएं देता हूं।

प्रधानमंत्री ने आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल 25 जून है। 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर लगे उस कलंक के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था, संविधान के हर हिस्से की धज्जियां उड़ा दी गई थीं, देश को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबा दिया गया था।

उन्होंने कहा कि अपने संविधान, भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में दोबारा कोई ऐसा करने की हिम्मत न कर सके, जो 50 साल पहले किया गया था। हम एक जीवंत लोकतंत्र का संकल्प लेंगे। हम भारत के संविधान के निर्देशों के अनुसार सामान्य मानवी के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि संसद



का ये गठन भारत के सामान्य मानवी के संकल्पों की पूर्ति का है। नए उमंग, नए उत्साह के साथ नई गति, नई ऊंचाई प्राप्त करने का ये अवसर है। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य लेकर आज 18वीं लोकसभा का प्रारंभ हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा चुनाव बहुत ही शानदार तरीके से, बहुत ही गौरवमय तरीके से संपन्न होना, ये हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। करीब 65 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। ये चुनाव इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हो गया, क्योंकि आजादी के बाद दूसरी बार देश की जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा करने का अवसर दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने हमेशा एक परंपरा का पालन करने का प्रयास किया है। हमारा मानना है कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है, लेकिन देश चलाने के लिए सर्वसम्मति सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि हम मां भारती की सेवा करें और 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं को सबकी सहमति से और सबको साथ लेकर पूरा करें। हम संविधान की पवित्रता को बनाए रखते हुए, सबको साथ लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं और फैसले लेने में तेजी लाना चाहते हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों को विपक्ष से अच्छे कदमों की उम्मीद है, लेकिन अब तक यह निराशाजनक रहा है। उम्मीद है कि वह अपनी भूमिका निभाएगा और लोकतंत्र की मर्यादा बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि भारत को एक जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत है और लोग नारे नहीं, बल्कि सार्थकता चाहते हैं।

## राज्य सरकार कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित : डॉ. यादव

### जबलपुर एयरपोर्ट वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम से जाना जाएगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वीरांगना रानी दुर्गावती ने न केवल अकबर की सेना को तीन बार परास्त किया अपितु सुशासन और जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी कई नवाचार करते हुए क्षेत्र को जनोन्मुखी शासन व्यवस्था प्रदान की। जबलपुर एयरपोर्ट और मदन महल से होकर गुजरने वाला फ्लायओवर वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम से जाना जाएगा। गढ़ में रानी दुर्गावती के नाम पर स्टेडियम के लिए भी भारत सरकार से अनुमति दिलाने का प्रयास भी राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। क्षेत्र के तालाबों व जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार भी प्राथमिकता से करेंगे। यह उनकी वीरता और पराक्रम को आदरांजलि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अकबर का दौर कठिनकाल था, एक ओर जहाँ महाराणा प्रताप उससे संघर्ष कर रहे थे, वहीं वनांचल में वीरांगना रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना से लोहा लिया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन, उनके पराक्रम और सुशासन के लिए किए गए नवाचारों को देश-दुनिया के सामने लाने के उद्देश्य से इन्हें पाठ्यक्रम में शामिल करने के साथ-साथ इन विषयों पर सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे। वीरांगना रानी दुर्गावती के विविध पक्षों को सामने लाने के लिए 5 लाख रूपए का पुरस्कार भी घोषित किया गया है। जबलपुर सहित प्रदेश में प्रतिमाह सांस्कृतिक एवं बौद्धिक आयोजन भी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती के 500 वें जन्मशताब्दी वर्ष में उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता ज्ञापित करने के उद्देश्य से ही पहली कैबिनेट जबलपुर में आयोजित की गई। भारतीय संस्कृति, सभ्यता और परम्पराओं के सम्मान व रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीरांगना रानी दुर्गावती जैसे व्यक्तित्वों के जीवन संघर्ष के अनछुए पहलुओं से जनसामान्य को परिचित कराने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में निरंतर कार्य जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई लोधी ऐतिहासिक रूप से नारी शक्ति की अभिव्यक्ति रही हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि युद्ध हो या शासन व्यवस्था महिलाएं कहीं भी पीछे नहीं हैं। इसी क्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने जनजातीय प्रतिभा का प्रकटीकरण करते हुए भारतीय महिलाओं की क्षमता से देश ही नहीं दुनिया को अवगत कराया है। राज्य सरकार कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित है।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की कवच 4.0 की समीक्षा

### तकनीक को जल्द लागू करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। हादसों से बचने और कम समय में लंबी दूरी तय करने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा 'कवच 4.0' प्रणाली पर काम किया जा रहा है। इस बीच केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस नई और उन्नत प्रणाली 'कवच 4.0' की प्रगति की जानकारी ली। इससे पहले भारतीय रेलने ने कवच के 3.2 संस्करण को तैयार किया था। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि कवच 3.2 संस्करण को अत्यधिक व्यस्त रेलवे मार्गों पर चलने वाली ट्रेनों में स्थापित किया जा रहा है। इसके साथ ही कम समय में लंबी दूरी तय के लिए नए



मार्गों पर कवच प्रणाली के नवीनतम संस्करण पर कार्य किया जा रहा है। भारतीय रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि तीन निर्माताओं द्वारा 'कवच 4.0' संस्करण पर काम किया जा रहा है। जल्द ही इसका परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री के सामने इस संस्करण की प्रगति रिपोर्ट को पेश किया गया। इस प्रणाली की समीक्षा के बाद रेल मंत्री ने कहा कि 'कवच 4.0' भारतीय रेलवे के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने इस प्रणाली को सुनियोजित तरीके से जल्द से जल्द लागू करने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले अश्विनी वैष्णव कह चुके हैं कि जहां दुनिया के अधिकांश देशों में 1980 के दशक की प्रमुख ट्रेन सुरक्षा प्रणाली (एटीपी) का इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं भारतीय रेलवे ने 2016 में ट्रेनों की सुरक्षा के लिए नई प्रणाली को मंजूरी दी थी।

## 300 यात्री बुधवार को अमरनाथ यात्रा के लिए होंगे रवाना

**भोपाल।** राजधानी से अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था बुधवार को भोपाल रेलवे स्टेशन से रवाना होगा। इसमें 300 यात्री जाएंगे। इसके बाद 27 को दूसरा जत्था रवाना होगा। सबसे बड़ा जत्था 10 जुलाई को रवाना होगा। जिसमें करीब 700 श्रद्धालु रवाना होंगे। पहले जत्थे में जाने वाले यात्रियों को शिव शक्ति सेवा मंडल की ओर प्रशिक्षण दिया गया है। मंडल के नेतृत्व में पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा में शामिल लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया है।

## जेपी नड्डा को बनाया गया राज्यसभा में सदन का नेता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को राज्यसभा में सदन के नेता होंगे। वह राज्यसभा में पीयूष गोयल की जगह लेंगे। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में गोयल महाराष्ट्र से निर्वाचित हुए हैं। गोयल ने आज लोकसभा सदस्य के तौर पर शपथ ली। नड्डा के पास केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और उर्वरक व रसायन मंत्रालय का जिम्मा भी है। राज्यसभा की वेबसाइट पर भी नड्डा का नाम बतौर सदन का नेता अपडेट किया गया है। भाजपा अध्यक्ष के रूप में नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2024 में



खत्म हो गया था। उन्हें आम चुनाव के चलते छह महने का विस्तार दिया गया था। उनका कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। नड्डा ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यानी एबीवीपी से अपने सियासी सफर की शुरुआत की थी। वह 1991 में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के अध्यक्ष बने। उन्हें साल 2012 में राज्यसभा के लिए चुना गया। इसके बाद 2014 में अमित शाह के पार्टी अध्यक्ष बनने पर उन्हें भाजपा संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया।

नड्डा ने मोदी सरकार के पहल कार्यकाल में भी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का जिम्मा संभाला था। उसके बाद 2019 में उन्हें भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष पद का जिम्मा दिया गया। फिर 2020 में अमित शाह के केंद्रीय गृह मंत्री बनने पर उन्हें पार्टी का पूर्ण अध्यक्ष बना दिया गया। मोदी 3.0 सरकार में उन्हें दोबारा स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ-साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भी आवंटित किया गया है।

## कीमत काबू में रखने के लिए गेंहू पर लगी स्टॉक-लिमिट

**नई दिल्ली।** जमाखोरी रोकने और प्राइस को स्टेबल रखने के लिए के लिए आज यानी, 24 जून को केंद्र सरकार ने गेहूं पर स्टॉक होल्डिंग लिमिट लगा दी है। ये लिमिट सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ट्रेडर्स/होलसेलर, रिटेलर्स, बिग चेन रिटेलर्स और प्रोसेसर्स पर लागू होगी। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए यह आदेश 31 मार्च 2025 तक लागू रहेगा। केंद्रीय फूड सेक्रेटरी संजीव चोपड़ा ने कहा कि सिंगल रिटेलर्स, बिग-चेन रिटेलर्स, प्रोसेसर और होलसेलर हर शुक्रवार को गेहूं के स्टॉक की जानकारी देंगे।

## राहुल गांधी का केन्द्र सरकार पर करारा हमला



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के समय से राजनीतिक दलों में जारी वार-पलटवार अभी भी बरकारार है। ये वार-पलटवार तब और भी अहम हो गई, जब सत्ताधारी दल भाजपा को चुनाव में बहुमत नहीं मिला, हालांकि सत्ताधारी दल के गठबंधन एनडीए ने जरूर बहुमत हासिल किया और देश में लगातार तीसरी बार सरकार भी बनाई। लेकिन इसके साथ ही विपक्षी दलों के हमले और तेज हो गए हैं। भाजपा-नीत एनडीए गठबंधन को बने हुए 15 दिन हुए हैं और इन 15 दिनों के दौरान कई हादसे, हमले और कुछ कथित घोटाले सामने आए हैं। इसे लेकर अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार पर जोरदार हमला बोला है। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने एनडीए सरकार के 15 दिनों में हुए हादसे, हमले और कथित घोटाले के साथ-साथ तमाम कमियां गिनवाई है। इन 10 मुद्दों को गिनाते हुए राहुल गांधी ने साथ में लिखा- मनोवैज्ञानिक रूप से बैकफुट पर नरेंद्र मोदी बस अपनी सरकार बचाने में व्यस्त हैं। नरेंद्र मोदी जी और उनकी सरकार का संविधान पर आक्रमण हमारे लिए मान्य नहीं है - और ये हम किसी हाल में होने नहीं देंगे।

## आरओ-एआरओ पेपर लीक में भोपाल से जुड़ा तार

### इंजीनियर दोस्तों ने मिलकर कर डाला बड़ा कांड

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश की समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक कांड में बड़ा खुलास हुआ है। भोपाल में स्थित एक निजी प्रिंटिंग प्रेस के मेकेनिकल इंजीनियर सुनील रघुवंशी ने अपने कॉलेज के समय के दोस्तों के कहने पर पेपर लीक किया था। आरोपी जिस निजी प्रिंटिंग प्रेस में नौकरी करता है, वहां सिक्यूरिटी प्रिंटिंग का कार्य होता है। जिन प्रेस में सिक्यूरिटी प्रिटिंग का कार्य होता है, वहां कई प्रदेशों की सरकारों द्वारा आयोजित प्रायोजित परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र, गोपनीय दस्तावेज,



विश्व विद्यालय और राज्य के बोर्ड परीक्षाओं बोर्ड के प्रश्न-पत्रों के साथ मार्कशीट/अंकसूची, विभिन्न बैंकों की चेकबुक, राज्य सरकारों के प्रशासकीय वार्षिक प्रतिवेदन सहित अन्य गोपनीय सामरिक महत्व वाले दस्तावेजों की छपाई की जाती है। उप्र एसटीएफ ने भोपाल के सुनील रघुवंशी सहित पेपर लीक करने वाले गिरोह के छह लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। उप्र एसटीएफ ने अब तक सुनील रघुवंशी के साथ बिहार निवासी सुभाष प्रकाश, प्रयागराज निवासी विशाल दुबे, उप्र निवासी संदीप पाण्डेय, बिहार के गया निवासी अमरजीत शर्मा और उप्र के बलिया निवासी विवेक उपाध्याय को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी 2024 को आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा-2023 के प्रश्न-पत्र लीक करने का आरोप है।

## मानसून सत्र में विधायक बताएंगे अपने क्षेत्र की पांच साल की कार्ययोजना

**भोपाल।** विधानसभा के मानसून सत्र में भाजपा विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में आगामी पांच साल का रोडमैप रखेंगे। वे सदन में बताएंगे कि आगामी पांच साल में अपने विधानसभा क्षेत्र में क्या और कैसे विकास कार्य करेंगे। इसको लेकर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने सभी विधायकों से कहा है कि वे कलेक्टरों के साथ बैठकर योजनाओं की बारे में जानें और उनके आधार पर आगामी पांच साल की कार्ययोजना तैयार करें। विधानसभा सत्र में इसको लेकर चर्चा होगी और कार्ययोजना फाइनल की जाएगी। इस कार्य के लिए जो भी बजट लगेगा राज्य सरकार देगी। वहीं इस कार्य में सभी 29 सांसदों को भी कहा गया है कि वे अपने संसदीय क्षेत्र का रोडमैप तैयार कर केंद्र सरकार से योजनाओं स्वीकृत कराकर विकास कार्य करें। जिले के विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र वार भी विकास कार्यों का विभाजन कर लिया जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता वाली योजनाओं किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को प्राथमिकता में रखकर कार्ययोजना बनाई जाएगी।

## मानसून ने पकड़ी गति, मध्यप्रदेश से लेकर बिहार तक बारिश

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ने आधे से ज्यादा क्षेत्र को कवर कर लिया है। रविवार को मानसून मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, गुजरात, बिहार और झारखंड के कुछ इलाकों से आगे बढ़ गया है। आईएमडी के लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक, मानसून के बिहार, झारखंड, गुजरात के शेष हिस्सों, पूर्वी यूपी और राजस्थान के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। मानसून ने रविवार को मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को कवर किया। इसकी वजह से दोनों राज्यों में झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कई जिलों में प्री-मानसून गतिविधियां शुरू हो चुकी है, जिसके चलते लखनऊ में गरज-चमक के साथ वर्षा हो सकती है।

## नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया इसलिए रामनिवास ने छोड़ी कांग्रेस



**भोपाल।** कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हुए विधायक रामनिवास रावत ने कहा कि पूरा हाउस मैं चलाता था लेकिन नेता प्रतिपक्ष मुझसे जूनियर को बना दिया गया। मेरे बराबर किसी को बनाते तो दिक्कत नहीं थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में सुनवाई होती तो बीजेपी में क्यों जाता। सीएलपी लीडर बनाने के लिए दो-तीन बार मौके आए, लेकिन मुझे नहीं बनाया गया।

दरअसल, सोमवार को विधायक रामनिवास रावत बीजेपी प्रदेश कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए यह बातें कही। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को खुली चेतावनी देते हुए कहा है, जब समय आएगा विधायकी से इस्तीफा दूंगा, कांग्रेस को जो करना है कर ले।

रामनिवास रावत ने कांग्रेस द्वारा लगातार दिए जा रहे बयान पर कहा कि जब समय आएगा, तब इस्तीफा दे दूंगा। कांग्रेस को जो करना है, वो कर सकती है। वहीं, टिकट को लेकर भी जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में पैसे से टिकट दिया जाता है।

ऐसे आदमी को टिकट दिया, जिसने मेरे खिलाफ प्रचार किया, बूथ कैप्चर किया था। आपको बता दें कि श्योपुर के विजयपुर विधानसभा से विधायक रामनिवास रावत लोकसभा चुनाव के बीच बीजेपी में शामिल हुए थे। लेकिन उन्होंने अब तक विधायक पद से इस्तीफा नहीं दिया है।

## शिवराज के इस्तीफे के बाद बुधनी पर कांग्रेस की नजर

### उपचुनाव को लेकर जयवर्धन सिंह ने बनाई रणनीति

**सीहोर।** कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गढ़ बुधनी विधानसभा में उपचुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल, शिवराज चौहान के बुधनी विधानसभा से इस्तीफे के बाद बुधनी विधानसभा सीट रिक्त हो गई है। यहां जल्द ही उपचुनाव कराए जा सकते हैं। ऐसे में कांग्रेस सक्रिय हो गई है और चुनावों की तैयारी में जुट गई है। बुधनी विधानसभा प्रभारी जयवर्धन सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ उपचुनाव को लेकर रणनीति बनाई।

बुधनी विधानसभा को लेकर प्रभारी बनाए गए कांग्रेस नेता जयवर्धन सिंह और इछावर के पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल रविवार को बुधनी विधानसभा क्षेत्र के सलकनपुर पहुंचे। कांग्रेस नेताओं ने मंदिर में





पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दिग्विजय सिंह के बेटे और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह और इछावर के पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल को बुधनी का प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने बुधनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले रेहटी और भेरूंदा में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक ली और चुनावी रणनीति तैयार की।

जयवर्धन सिंह ने कहा कि लाड़ली बहना योजना के बाद हम सबको काम करने का तरीका बदलना होगा। हम मतदाता पुरुषों को नाम से पहचानते हैं, लेकिन महिलाओं को नहीं जानते। मैंने खुद ने अपने विधानसभा क्षेत्र में तय किया है कि आने वाले पांच साल में हर मतदान केंद्र पर महिलाओं का संगठन खड़ा करना होगा। इसी बैठक में दो-दो महिलाएं पहुंची, यही स्थिति पूरे प्रदेश में है। लेकिन हमें तय करना है कि हर बैठक में महिलाओं की सहभागिता ज्यादा से ज्यादा हो। जयवर्धन सिंह ने कहा कि जो भी सरकारी प्रक्रिया है। उसमें खेल और घोटाले करेंगे, यह उनकी साजिश होती है। 17 साल से देख रहे हैं, हर पद पर इनके लोग बैठते हैं। बुधनी में उनके चाहते बड़े सेठ लोगों को हर चीज ठेके दे दिए जाते हैं। वहीं, पैसे बांटते हैं यही लोग सब कुछ चला रहे हैं। धन बल के आधार पर जनमत को लूटने का कार्य करते हैं।

जयवर्धन सिंह ने कहा कि हमने तय किया है कि जहां-जहां हमें कम वोट मिल रहे हैं। वहां जाकर लोगों से स्वयं चर्चा करेंगे। आने वाले समय में हमारी स्थिति बेहतर हो, इसके लिए हमें जमीन स्तर पर काम करना होगा। उत्तर प्रदेश का मतदाता जागरुक है, वह राजनीति को समझता है। लेकिन मध्यप्रदेश का मतदाता राजनैतिक नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी और शिवराज सिंह चौहान की बातों को समझ नहीं पाता है। जयवर्धन सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मंडल सेक्टर तक नहीं, एक-एक मतदान केंद्र तक पहुंचना है। 2023 के चुनाव में हमें बेहतर परिणाम और सरकार बनने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

# विश्व शान्ति के लिए समर्पित अद्भुत योगी हैं मित्रवर रजदास : प्रो. अनिल

**सीधी**

विश्व शान्ति समन्वय तीर्थ ज्योतिकुन्ज कटरा के तत्वावधान में आयोजित पुस्तक विमोचन एवं ज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रणबांकुर तथागत द्वारा लिखित पुस्तक 'मैत्रेय' का विमोचन प्रो. अनिल सिंह प्राध्यापक अंग्रेजी संजय गांधी महाविद्यालय सीधी में मुख्य आतिथ्य एवं चन्द्रमोहन गुप्त, प्रो. आई.पी. प्रजापति, विनय सिंह 'बीनू', राकेश जायसवाल के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संगीतमय ज्ञान संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।




'मैत्रेय' पुस्तक के विमोचन के अवसर पर प्रो. अनिल सिंह ने कहा यह समन्वय मिशन किसी समाज, क्षेत्र या व्यक्ति विशेष के लिए नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व का शांति के लिए है। यह एक बहुत बड़ी सोच लेकर चलने वाला मिशन है। आज सम्पूर्ण विश्व में हाहाकार मचा हुआ है, धर्म, जाति, लिंग, भाषा के आधार पर दंगे हो रहे हैं। ये धरती कभी भी दिव्य पुरुषों से खाली नहीं रही है, वे हमेशा संतुलन बनाने, विश्व में प्रेम व करुणा बांटने के लिए आते रहे हैं। मित्रवर रजदास जी भी उसी क्रम के संवाहक हैं, उसी क्रम के परिचय है, उसी क्रम के बुद्ध हैं। परन्तु इस राह पर चलना बहुत कठिन है, मौजूदा समय स्वार्थपरता, उन्माद व द्वन्द्व का है, ऐसे कठोर समय में प्रेम, करुणा व विश्व शान्ति की बहुत आवश्यकता है। मित्रवर रजदास जी ने अपने कठोर तप द्वारा विश्व शांति व समन्वय के नवीन सूत्र-सिद्धांत दिये हैं, जिनका हमें अनुकरण करना चाहिए। राकेश जायसवाल ने कहा बुद्ध से लेकर अभी तक बहुत सारे महामानवों ने विश्व शान्ति के लिए अपना अतुलनीय योगदान दिया है जिसमें में आज के दौर में यह समन्वय मिशन अपने साहित्यों एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से उसी भूमिका को निभा रहा है। चन्द्रमोहन गुप्त जी ने कहा रणबांकुर तथागत जी हमेशा से समाजसेवा के क्षेत्र से जुड़े रहे हैं, इन्होंने कई संगठनों के साथ मिलकर समाजसेवा का कार्य किया है और आज अपने साहित्य के माध्यम से इतनी उम्र होने के बाजवूद भी सेवा कार्य में लगे हैं, बधाई के पात्र हैं। प्रो. आई पी. प्रजापति ने कहा आज पूरा मानव समाज बिखरा हुआ है जिसे एक सूत्र में बांधने का यह मिशन कार्य कर रहा है, कार्य तो कठिन है, समय जरूर लगेगा लेकिन यह एक दिन फलीभूत अवश्य होगा। विनय सिंह बीनू ने कहा यदि परमात्म तत्व की कृपा हो और बुद्ध पुरुषों का सानिंध्य हो तो उम्र आड़े नहीं आती, रणबांकुर तथागत ने ज्यादा उम्र होने के बावजूद भी जिस तरह के एक योगी को इतने करीब से देखा और अपने अनुभवों को मैत्रेय पुस्तक के माध्यम से साझा किया है उसका एक जीता जागता उदाहरण है, विश्व शान्ति के लिए मिशन के कार्यों को मैं साधुवाद देता हूँ और आशा करता हूँ कि मिशन निरंतर वैश्विक शांति की दिशा में कार्य करता रहेगा।

उक्ताशय की जानकारी ज्योतिकुन्ज कटरा के मीडिया प्रभारी एवं ट्रस्टी शिवकुमार शर्मा ने दी। साथ ही उन्होंने सभी अतिथियों को आभार ज्ञापित किया तथा इस तरह से विश्व शान्ति के लिए आयोजित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहभागिता लेने के लिए अपील की। कार्यक्रम में ट्रस्टी कुसुमलता, डॉ. शिशिर, अर्जुन सिंह, अनूप गुप्ता, श्रवण विश्वकर्मा, दीनदयाल, राजकुमार पटेल पत्रकार, बी.पी. सिंगरौल, आनंद अकेला, एड. शिव कुशवाह, एड. पी.सी. गुप्ता, आचार्य राहुल, राजेश पटेल, बालगोविंद पटेल, अशोक कुमार, आचार्य बांकेलाल, बैरागी, सहित अनेकों लोगों ने अपनी सभागिता दी।

## आईटीआई मड़रिया में रोजगार मेले का आयोजन 26 जून को

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला प्रशासन के सहयोग से जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा शासन के निर्देशानुसार बेरोजगार युवक/युवतियों हेतु दिनांक 26.06.2024 को शासकीय आईटीआई मड़रिया मड़वास रोड सीधी में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जो आवेदक रोजगार प्राप्त करना चाहते है तो उक्त दिनांक को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक अपने सम्पूर्ण दस्तावेजों सहित उपस्थिति होकर रोजगार मेले का लाभ ले सकते हैं। जिसमें देशध्प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से 05 कंपनियां भाग ले रही हैं। उन्होने बताया कि रोजगार मेले में निपाल स्किल प्रा.लि. औरगाबाद, प्रधानमंत्री कौशल विकास सीधी, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा, एसआईएस सिक्यूरिटी सिंगरौली एवं डिक्सन टेक्नालॉजी प्रा.लि. नोयडा भाग ले रही हैं। जिन युवकध्युवतियों के पास 10वीं, 12वीं एवं आई.टी.आई की योग्यता रखते हैं मेले में भाग ले सकते हैं।

## सांसद ने लोकसभा के प्रथम दिवस के दिन संसद की कार्यवाही में लिया भाग

**बोले-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित और शक्तिशाली राष्ट्र बनाएंगे**



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पहुंचकर संसद को प्रणाम करते हुए प्रवेश किया और 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए लोकसभा की कार्यवाही के हिस्सा बने।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि इसके पश्चात नवनिर्वाचित सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए आगामी 5 वर्षों तक सतत रूप से कार्य करते रहेंगे। इसके साथ ही सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र को विकास का मॉडल बनाएंगे। लोकसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित करने के लिए नवनिर्वाचित सांसद डॉक्टर मिश्रा ने एक बार पुन: सीधी लोकसभा की जनता जनार्दन का आभार व्यापित किया है।

## बिना टीपी कोयला परिवहन में संलिप्त दो ट्रेलर वाहन जब्त

**सिंगरौली।** बिना टीपी कोयला परिवहन कर रहे दो वाहनो को निगरी पुलिस ने जब्त करते हुए चौकी में खड़ा करा लिया है। इधर पुलिस ने प्रतिवेदन तैयार कर कार्यवाही के लिए कलेक्टर के पास भेजा गया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के निवेदिता गुप्ता के निर्देश पर एवं सरई थाना प्रभारी शिवप्रताप सिंह के मार्गदर्शन में निगरी चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह बघेल ने की है।

# सहकारिता विकास समिति की बैठक आयोजित

**पैक्स संस्थाओ को किया गया कंप्यूटराइज, अब होगा डाटा ऑनलाइन उपलब्ध**

**सिंगरौली।** जिला सहकारिता विकास समिति सिंगरौली की बैठक कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में संचालित 39 समितियों के कार्यो की प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात कलेक्टर श्री चन्द्रशेखर शुक्ला ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की समितियों में पैक्स कंप्यूटराइजेशन के कार्य में प्रगति लाई जाए । जिन समितियों में गो लाइव के कार्य शेष है,उससे 30 जून तक अनिवार्य रुप से पूर्ण कर लिया जाए । कलेक्टर ने नागरिक आपूर्ति निगम से उपार्जन लेबर भुगतान की



जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए की दो दिवस के अंदर शेष बकाया भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें। वही बैठक के दौरान सहकारिता विभाग के उपायुक्त पी के मिश्रा द्वारा अवगत कराया गया की जिले में सहकारी पैक्स समितियों में डीएमएफ मद से 23 गोदाम बनाए गए है तथा जिनकी 52000 टन भंडारन क्षमता का गोदाम उपलब्ध है। वही जिले के विभिन्न परियोजनाओं से विस्थापित परिवारों को 430 पंजीकृति विस्थापित समिति ठेका सहकारी समिति के माध्यम से 10000 से अधिक लोगो को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश,अपर कलेक्टर अरविंद झा, सहायक संचालक मत्स्य उद्योग राजेश श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी गुंजारी लाल तिवारी, प्रबंधक डेयरी श्रीकांत मिश्रा, उपसंचालक पशुपालन उमाकांत वर्मा आदि उपस्थित रहे ।

## जाने-माने शिक्षाविद लाला राम के निधन पर भारत स्काउट गाइड ने जताया शोक



**सीधी ।** भारत स्काउट एवं गाइड के जिला काउंसलर डॉक्टर शास्त्री प्रसाद मिश्रा के पिता जाने वाले शिक्षाविद पंडित लालाराम मिश्रा के निधन पर भारत स्काउट एवं गाइड ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। स्वर्गीय पंडित श्री मिश्रा 18 जून को 101 वर्ष की उम्र में हंसते-हंसते इस लोग को अलविदा कहा।

उनके निधन पर भारत स्काउट एवं गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त राकेश रतन पांडे, जिला सचिव हरिशंकर पांडे, स्काउट मनीष गुप्ता ने उनके गृह ग्राम मझरेठी कोठार पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य उपाध्यक्ष डॉ अजय मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मुख्य आयुक्त डॉ पी एल मिश्रा, जिला कमिश्नर गाइड डॉ श्वेता सिंह, जिला उपाध्यक्ष राम सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह चौहान सहित अनेक लोग शामिल है।

## सीएसआर के सभी प्रपोजल जिला स्तरीय समिति के अनुशंसा उपरांत होंगे स्वीकृत: कलेक्टर

**जिले में उद्यमियों को स्थापित करने किया जाये प्रोत्साहित**

**सिंगरौली।** सीएसआर के सभी प्रपोजल जिला स्तरीय समिति से अनुशंसा उपरांत ही स्वीकृत होगें तथा जिले मे उद्यामियों को स्थापित करने हेतु औद्योगिक कम्पनियां प्रोत्साहित करें। साथ ही शासकीय विभागों द्वारा प्रस्तावित प्रोजेक्ट पर ही सीएसआर फंड की राशि से निर्माण कार्य कराया जायेगा। तथा इसकी जानकारी पोर्टल पर भी अपलोड की जाये उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सीएसआर की बैठक दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की औद्योगिक कंपनीयां अपने अंतर्गत अधीनस्थ कंपनियों में क्षेत्र के विकास हेतु युवाओं को उचित रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये। बैठक में कलेक्टर ने सीएसआर फंड से हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की । उन्होंने बताया शासन द्वारा इस आश्य के निर्देश दिये गये है कि सरकारी विभागों द्वारा पोर्टल पर प्रोजेक्टों का प्रस्ताव प्रस्तुत किया किया जाये। तथा उक्त प्रस्तावित प्रोजेक्ट पर ही कंपनियों द्वारा सीएसआर फंड की राशि का प्रयोग किया जायेगा। जिसकी जानकारी से कलेक्टर को अवगत कराया जाये। उन्होंने कहा कि कंपनिया अपने कोर एक्सपेंस को छोड़कर सीएसआर मद की राशि खर्च करेगी।

बैठक में कलेक्टर द्वारा निर्देश दिया गया की एक साल की भीतर पूर्ण होने वाले प्रोजेक्टों को प्राथमिकता दी जाएगी। ताकि सीएसआर फंड उपयोग उसी वर्ष कर लिया जाये। उन्होंने कंपनियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के पास उद्योग स्थापना हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध है।

## पूर्व में कोयला व भस्सी मामले में लाइन अटैच प्रधान आरक्षक पुन: मोरवा थाने पहुंचने के फिराक में

**सिंगरौली।** बीते कुछ महीने पहले कोयला भस्सी गैंग के मास्टर माइंड को मोरवा थाने से लाइन अटैच किया गया था। फिर कुछ दिनो बाद जुगाड़ लगाकर जयंत चौकी में पदस्थापना हो गई और अब पुन: मोरवा पहुंचने की फिराक में लगे हुए हैं। जानकारी के अनुसार अभी हाल ही में पुलिस अधीक्षक द्वारा एसआई से लेकर एएसआई,प्रआरक्षक व आरक्षको के ट्रांसफर हुए हैं। चर्चा यह है कि सहायक उपनिरीक्षकों एवं प्रआर व आरक्षको का स्थानान्तरण में जुगाड़ भिड़ाकर एक प्रधान आरक्षक मोरवा थाने के लिए अपना स्थानांतरण कराया है। अगर ऐसा हुआ तो जिस मामले में इन्हे लाइन अटैच किया गया था वह फिर निर्वाध गति से प्रारंभ हो जायेगा और माफियाओं की पुन: बल्ले बल्ले हो जायेगी।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार फिलहाल पुलिस अधीक्षक द्वारा फिलहाल रवानगी पर रोक लगा दी गई है। जिससे परेशान होकर रवानगी के लिए प्रधान आरक्षक द्वारा सत्ताधारी नेताओं के यहां पहुंच एड़ी चोटी का दांव लगाया जा रहा हैं। सूत्र यह भी बताते हैं कि ये लोग जहां कही भी रहे हैं वहां अपराध को बढ़ावा दिया है। कोल माफियाओं से हाथ मिलाने के साथ-साथ अवैध कार्यों को अंजाम दिया गया गया है।

# ऑटो बुक कर ऑटो चालक से लूटपाट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** विंध्यनगर पुलिस ने ऑटो बुक कर ऑटो चालक से लूटपाट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देश पर विंध्यनगर थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी ने की है।

जानकारी के अनुसार फरियादी धर्मराज कुमार बैस पिता देवधारी बैस उम्र 25 वर्ष निवासी बड़गड़ पोस्ट ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि मैं खुद की आटो को बैढन क्षेत्र में चलाने का काम करता हूँ। दिनांक 20 जून को सुबह लगभग 9.30 बजे सवारी के इंतजार में बैढन के अम्बेडकर चौक पर खड़ा था। तभी मेरे पास दो लड़के आये। जिनको मैं नहीं जानता हूँ और बोले कि मुझे आटो बुक करके



सिम्पलेक्स बस्ती में सामान लेने जाना है चलोगे। तब मैं उन दोनों लड़को को अपनी ऑटो में बैठाकर साथ चल दिया। जैसे ही मटवई मोड़ के पास सुनसान जगह पर पहुंचा तो आटो रुकवाकर भय दिखाते हुए दोनो लड़के जेब में रखा पैसा 2000 रूपये एवं हाथ मे रखा वीवो कम्पनी का मोबाईल लूटकर भाग गए। जिसकी रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 392 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर पता साजी में जुट गए। थाना प्रभारी विन्ध्यनगर अर्चना द्विवेदी के नेतृत्व में 2 टीम गठित की गई। जहां मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि एनसीएल बाउण्ड्री हर्रई के पास एक व्यक्ति पुराना इस्तेमाली मोबाइल बेचने की फिराक में है। जिस पर पुलिस टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर आरोपी सूरज रजक वर्मा पिता रामसेवक रजक उम्र 23 वर्ष निवासी जमुआ पंजाबी रसोई के पीछे बैढ़न को अभिरक्षा में लेकर पूंछतांछ की गई। जिसमें आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ घटना को अंजाम देना स्वीकार किया एवं 1 नग वीवो कंपनी का मोबाइल कीमती 12500 एवं 1000 रूपए नगद कुल कीमती 13500 रूपए का बरामद किया गया। आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। वहीं घटना में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अर्चना द्विवेदी, उपनिरीक्षक शीतला यादव, सउनि रमेश प्रजापति, प्रआर मुनेन्द्र राणा, पंकज सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय, रिकेश सिंह, श्रवण सोनी की भूमिका रही।

## देवसर एसडीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**सिंगरौली।** विधान सभा निर्वाचन 2023 एवं लोक सभा निर्वाचन 2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को अनुविभागीय अधिकारी देवसर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विधान सभा क्षेत्र 81 देवसर अंतर्गत विधान सभा निर्वाचन 2023 एवं लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत बूथ लेवल अधिकारयों का सम्मान किया गया। बूथ लेवल अधिकारियों ने लोक सभा आम निर्वाचन में डोर



टू डोर मतदान पर्ची वितरण व शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक किया था। जिसमें लोक सभा आम निर्वाचन 2024 हेतु ओम प्रकाश द्विवेदी सहायक अध्यापक सह बीएलओ को एसडीएम देवसर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण, नदी का पानी पीने हो रहे मजबूर

**सिंगरौली।** जिले के सरई नगर परिषद क्षेत्र वार्ड क्रमांक 10 में हरिजन बस्ती में मूलभूत समस्याओं से ग्रामीण जूझ रहे हैं। वहीं नदी का गंदा पानी पीने के लिए मजबूर हैं। लेकिन इस ओर जिला प्रशासन ध्यान नही दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या से तो हम जूझ रहे हैं और विद्युत विभाग द्वारा हमारे हरिजन बस्ती का कई दिनों से लाइट भी बंद कर दिया गया। वहीं वार्ड पार्षद द्वारा भी समस्याओं को लेकर कई बार आवेदन प्रस्ताव बनाकर दिए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहा है। गर्मी का मौसम आते ही पेयजल संकट गहराने लगता है। लेकिन कुछ-कुछ जगह



हर मौसम में पेयजल संकट की समस्या आम बात है। जिसको खत्म करने के लिए शासन घर-घर नल, घर घर जल का प्रचार प्रसार तेजी से कर रही है। शासन की मंशा है कि हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचे लेकिन ऐसा सिर्फ कागजों तक सीमित है। सरई नगर परिषद वार्ड क्रमांक 10 हरिजन बस्ती मोहल्ला है। इसमें सभी जाति समाज के लोग रहते हैं। अनुसूचित जाति मोहल्ला है,जहां पर अनुसूचित जाति के लोग बड़ी मात्रा में निवासरत है। लेकिन इन वॉर्ड वासियों को गर्मी के मौसम में पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द उनकी पेयजल संकट की समस्याओं का निराकरण करके हैंडपंप की व्यवस्था बनाई जाए इस दौरान ग्रामीण वार्डवासियों ने हैंडपंप लगवाने की मांग की है। सरकार द्वारा कई योजना चलाई जा रही है अनुसूचित जनजाति के लिए लेकिन ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणो ने मूलभूत समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# पीएम आवासों का निर्माण जल्द शरू कराएं : कलेक्टर

**एक्सीलेंस कॉलेज के लिए जल्द ही चलाई जाएगी बस**

**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत बैगा समुदाय के लोगो को स्वीकृत पीएम आवास यका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराये। इस योजना के अंतर्गत 2 लाख की सहायता राशि उपलब्ध करवाई जायेगी, जो की तीन किस्तों 50 हजार 75 हजार 75 हजार में उपलब्ध करवाई जायेगी । तथा यह सुनिश्चित करें कि जिन परिवारो को आवास स्वीकृत किया गया उनका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराये। साथ ही एक्सीलेंश कालेज के विद्यार्थियो के लिए जल्द सेवा शुरू की जायेगी। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर ले। उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने टीएल बैठक में अधिकारियों को दिया गया। उन्होंने पीएम जन मन योजना की समीक्षा करते हुये



निर्देश दिये कि उक्त योजना के तहत चिन्हित बैगा परिवारो को पीएम आवास योजना का लाभ दिया जाना है। ऐसे परिवारो को आवास स्वीकृत कर जल्द से जल्द आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ कराये। साथ ही यह सुनिश्चित करे कि आवासो का निर्माण काये दो माह में पूर्ण कर लिया जाये। आवासो का निर्माण कार्य सम्बंधित पंचायत एवं स्व-सहायता समूह के समन्वय से पूर्ण किया जाएगा । आवश्यकता पड़ने पर कॉलोनी का भी निर्माण किया जाएगा। तीनों जनपदों को वन विभाग से समन्वय बनाते हुऐ वन भूमि से संबंधित समस्यो का निवारण करें । कलेक्टर ने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि योजना के पात्र हितग्राहियो का प्रशिक्षण शीघ्र प्रारंभ किया जाये। ताकि उनक कौशल उन्नयन किया जा सके। और उन्हे उचित रोजगार भी मिल सके । इस कार्य के लिए जिला रोजगार अधिकारी एवं जिला व्यापार एवं उद्योग सेंटर तथा आईटीआई अपना समन्वय बना कर ट्रैनिंग कार्यक्रम आयोजित करवाए। कलेक्टर ने कहा कि एक्सीलेंस कॉलेज में विद्या वन का निर्माण करवाया जायेगा। साथ ही दूरदराज में आने वाले छात्रों के लिए बस की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जायेगी। कलेक्टर ने दिशा बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त हुए शिकायतों की समीक्षा की इसके उपरांत उन्होंने निर्देश दिये कि सभी तहसीलों में एसडीएम, तहसीलदार यह सुनिश्चित करले की बैगाओ की जमीनों पर कोई गैरकानुनी ढंग से कब्जा तो नही हुआ है अगर ऐसे प्रकरण प्राप्त होते है तो शीघ्र कार्यवाही कर उनकी जमीनो को उन्हे वापस कराये।

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि विद्यालयो में शिक्षक अपने नियुक्ति स्थान पर ही शिक्षण कार्य कराये इससे संबंधित जांच जिला स्थर एवं खंड स्थर पर जांच टीम द्वारा हर सप्ताह की जायेगी। उन्होंने खाद्य आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि खाद्य वितरण केंद्र में राशन वितरण नियमित रूप से हो तथा दुकान खुलने की जानकारी आमजनों को उपलब्ध करवाई जाए। आंगनबाड़ियों तथा हॉस्टलों में समय पर नाश्ता एवं मध्यान भोजन की नियमिता को बनाए रखे ।

## संपादकीय

## जहरीली शराब का कहर

किसी त्रासद घटना का सबक यह होना चाहिए कि उसमें हुई हानि को ध्यान में रख कर बाकी जगहों पर भी ऐसे उपाय किए जाएं जिससे वैसी घटनाओं से बचा जा सके। मगर विडंबना यह है कि ज्यादातर घटनाओं को स्थानीय समस्या मान कर दूसरी जगहों पर उसकी अनदेखी कर दी जाती है या फिर उसे महज एक खबर की तरह देखा जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर जहरीली शराब का सेवन करने से लोगों के मरने की खबरें आती रहती हैं। मगर वैसी घटनाओं में कारणों और परिणाम को लेकर एक व्यापक चिंता ठोस शक्ल नहीं लेती। गौरतलब है कि तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देसी शराब पीने की वजह से कम से कम सैंतालीस लोगों की जान चली गई और अन्य तीस लोगों की हालत बेहद गंभीर हो गई। इस शराब के सेवन से एक सौ पैंसठ लोग बीमार हुए थे, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। यह अवैध तरीके से शराब बना कर लोगों को बेचने वाले की आपराधिक लापरवाही का नतीजा है, लेकिन जिस तमिलनाडु को कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर बेहतर स्थिति में माना जाता है, वहां पुलिस-प्रशासन की नाक के नीचे शराब के नाम पर जहर परोसने का गैरकानूनी कारोबार करने वालों को यह सुविधा कैसे मिली कि वे बेधड़क अपना धंधा चला रहे थे और उनके पास भारी संख्या में लोग शराब पीने पहुंचते थे। जाहिर है, इतने सारे लोगों के मारे जाने के बाद अब सरकार और प्रशासन की ओर से एक औपचारिकता पूरी करने के लिए घटना की जांच, गहन तलाशी अभियान चलाने का निर्देश और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। सरकार ने जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को आर्थिक मदद की भी घोषणा की है। सरकार ने उस इलाके में प्रभावित लोगों की वास्तविक संख्या जानने के लिए घर-घर जाकर गणना करने की भी बात कही है। यह अपील की गई है कि जिन लोगों ने अवैध शराब का सेवन किया है, वे जल्द से जल्द जांच कराएं और जरूरी होने पर इलाज कराएं।

# तारिणी को तारणहार चाहिए

**ऋषिकेश से हरिद्वार तक मछलियों की संख्या भी 80 फीसदी रह बची है और उनकी प्रजातियों में काफी कमी आई है। पहले इसके प्रवाह में 89 किस्म की मछलियां मिलती थीं, अब सिर्फ 66 डूब-उतरा रही हैं। मगरमच्छों और घड़ियालों की गिनती में भी गिरावट है। आमतौर पर लोग सारा दोष पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या पर मढ़ देते हैं, परंतु इसके बहुत से कारण हैं। अब इस पतित-पावनी के दूसरे तीर्थस्थान की ओर बढ़ते हैं। प्रयागराज से ऐन पहले पड़ने वाले कौशांबी में कई हिस्से ऐसे हैं, जहां इन दिनों लोग आराम से पैदल चलते हुए गंगा पार कर जाते हैं। संगम में भी डुबकी लगाने के बजाय बैठकर स्नान करना पड़ रहा है। यह हाल तब है, जब यमुना अपने समूचे जल के साथ वहां गंगा में समाहित हो चुकी होती है।**

(शशि शेखर)

ईसा के जन्मने से न जाने कितना पहले महर्षि वेदव्यास ने महाभारत में गंगा की महिमा का कुछ इन शब्दों में बखान किया था-

पुनाति कीर्तिता पापं द्रष्टा भद्रं प्रयच्छति।
अवगाढ़ा च पीता च पुनात्यासप्तमं कुलम्।।

अर्थात, अपना नाम जपने वालों के यह समस्त पाप नाश कर देती है, दर्शन करने वालों का कल्याण करती है और जो कोई भी इसमें स्नान करता है और इसके जल का पान करता है, उसकी सात पीढ़ियां तर जाती हैं।

इस श्लोक की चर्चा अचानक क्यों?

पिछले रविवार को गंगा दशहरा था और मैं ऐसे अन्य श्लोकों को बुदबुदा रहा था कि एक त्रासद अनुभव याद आ गया। उस वक्त हम असम जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस के जरिये गढ़मुक्तेश्वर को गजरौला से जोड़ने वाले पुल को पार कर रहे थे। जैसे ही हमारा डिब्बा मंझधार के ऊपर पहुंचा, मैंने हाथ जोड़कर मां गंगा को प्रणाम किया।

गंगा मेरे लिए धार्मिक आस्था से कहीं अधिक मां के ममत्व-सा भाव रखती है। मेरी भाव-विह्वलता देखकर सामने की सीट पर बैठे हुए एक गोरे दंपति ने पूछा- 'यह आप क्या कर रहे थे?' मैंने बताया कि 'नीचे जो नदी बह रही है, वह मां गंगा है।' 'गंगा, वह महान गंगा?'- उसने विस्मित भाव से पूछा। मैं उसको कोई जवाब देता, उससे पहले उसकी मुंहफट संगिनी बोल पड़ी कि 'हमें तो लगा था....!' उसके अगले शब्द मेरे मन-प्राण को बींध गए थे।

किसी की धार्मिक आस्था को चोट न लगे, इस लिहाज से मैं उस त्वरित, पर ईमानदार प्रतिक्रिया को दोहराना नहीं चाहता।

गंगा हमारे लिए सदियों से जीवनदायिनी है और मृत्यु के बाद भी यह हमारा साथ नहीं छोड़ती। यह हमें मोक्ष देती है। इसी मान्यता के साथ मेरी परवरिश हुई थी। देश-परदेस में जब कोई नदी देखता हूं, प्रयागराज, काशी या मिर्जापुर में बहती हुई वह सदानीरा याद आती है, जिसकी धारों से अठखेलियां करता हुआ मेरा अल्हड़पन बीता था। मैं गंगा को भी बचपन की उस मासूम निर्मलता की मानिंद मानता हूं। लेकिन! गंगा वैज्ञानिक अर्थों में अब निर्मल नहीं रह बची है।

गंगा प्रदूषण पर हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष रह चुके प्रो बीडी जोशी का अध्ययन बताता है कि मौजूदा वक्त में इस महानदी में बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड 7.0 मिलीग्राम प्रति लीटर है, जो आवश्यकता से बेहद अधिक है। इसी तरह, उसकी तलहटी में 'सॉलिड वेस्ट' की 1460 यूनिट पाई जाती हैं, जो मानक से अधिक है। नतीजतन, गंगा की पारदर्शिता बाधित होते-होते अब पांच प्रतिशत तक सिमट गई है।



एक शोध के मुताबिक, मई से जून 2024 तक इस छोटी अवधि में प्लास्टिक कचरे में 25 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऋषिकेश से हरिद्वार तक मछलियों की संख्या भी 80 फीसदी रह बची है और उनकी प्रजातियों में काफी कमी आई है। पहले इसके प्रवाह में 89 किस्म की मछलियां मिलती थीं, अब सिर्फ 66 डूब-उतरा रही हैं। मगरमच्छों और घड़ियालों की गिनती में भी गिरावट है। आमतौर पर लोग सारा दोष पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या पर मढ़ देते हैं, परंतु इसके बहुत से कारण हैं।

अब इस पतित-पावनी के दूसरे तीर्थस्थान की ओर बढ़ते हैं। प्रयागराज से ऐन पहले पड़ने वाले कौशांबी में कई हिस्से ऐसे हैं, जहां इन दिनों लोग आराम से पैदल चलते हुए गंगा पार कर जाते हैं। संगम में भी डुबकी लगाने के बजाय बैठकर स्नान करना पड़ रहा है। यह हाल तब है, जब यमुना अपने समूचे जल के साथ वहां गंगा में समाहित हो चुकी होती है। फिलवक्त गंगा और यमुना को मिलाकर सिर्फ सात हजार क्यूसेक जल ही आगे की ओर जा पाता है। टोंस और इस जैसी अन्य तमाम नदियों के सम्मिलन के बावजूद जैसे-जैसे नदी नीचे की ओर बढ़ती है, हालात खराब होते जाते हैं।

यही वजह है कि काशी का वर्णन करते हुए भय लग रहा है। इसी शहर में बरसों पहले अस्सी पर प्रवाहमान गंगा की धाराओं में अठखेलियों करते हुए मेरा बचपन बीता था। वहां पश्चिमी छोर पर दशाश्वमेध और सक्का घाट के सामने अभी से धारा के बीच टीले उभरने शुरू हो गए हैं। अगर गरमी लंबी खिंची, तो हालात और बदतर हो सकते हैं। गंगा की इस बदनसीबी की एक वजह यह भी है कि उसकी 'ड्रेजिंग' हुए अरसा बीत गया। हरिद्वार से गंगा सागर तक इस नदी को समय और चरणबद्ध ड्रेजिंग कार्यक्रम की आवश्यकता है।

वाराणसी में गंगा को निर्मल बनाने के लिए काफी धन खर्च किया गया है, परंतु हालात क्या हैं! आज शहर से जो 467 एमएलडी सीवेज बहता है, उसमें से 70 से 75 एमएलडी तक बिना शोधन के गंगा में समा रहा है। वाराणसी के नाम की शुरुआत वरुणा नदी से होती है, उसमें भी 67 एमएलडी सीवर बिना शोधन के हर रोज गिरता है। यही वरुणा आगे बढ़कर गंगा की 'डाउन स्ट्रीम' का हिस्सा बनती है। यहां बनारस और उसके आसपास के इलाकों में मछली के शौकीनों के लिए एक चेतावनी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एक शोध में दावा किया गया है कि प्रयागराज से बक्सर के बीच गंगा में जन्मने, पलने और पनपने वाली तमाम मछलियां प्रदूषित हो चुकी हैं। यही नहीं, उसके जल से सिंचित होने वाले दोआब में सब्जियां और अन्य खाद्यान्न भी दूषित हो रहे हैं। एक समय था, जब मुझ जैसे सैकड़ों लोग पीपे का पुल पार कर रामनगर जाया करते थे। वहां गंगा के किनारे उगी हुई शुद्ध और ताजी सब्जियां, खरबूजे या तरबूज मिला करते थे। मिलते तो आज भी हैं, पर...।

लिखने को बहुत कुछ लिखा जा सकता है। इससे पहले भी बहुत कुछ लिखा जा चुका है। लगभग चालीस बरस पहले मैंने एक नामी पत्रिका के लिए गंगा पर कवर स्टोरी लिखी थी। उस वक्त भी आंकड़े भयावह थे। प्रकृति पता नहीं कब से अलार्म बजा रही है कि कृपया जाग जाइए। गंगा, यमुना और उनकी सहायक नदियों के बिना उत्तर भारत की शस्य श्यामला और उर्वरा भूमि की कल्पना भी नहीं की जा सकती, पर हुकूमतें बदल गईं, साथ ही हालात बिगड़ते चले गए। गंगा की रक्षा नारों से नहीं, समूचे समाज और सियासी सदनीयती से ही होगी।

गंगा के बारे में बात करते हुए अक्सर सोचता हूं कि अगर महाकवि विद्यापति आज हमारे बीच होते, तो क्या ऐसी अमर पंक्तियां लिखने का साहस संजो पाते-

कि करब जप-तप जोग-धेआने। जनम कृतारथ एकहि सनाने।/ भनइ विद्यापति समदओं तोही। अन्तकाल जनु विसरहु मोही।।

यानी हे मां, जब तुम्हारी जलराशि में मात्र एक स्नान से पूरा जीवन कृतार्थ हो जाता है, तो जप-तप, योग-ध्यान क्या करें? माता, तुमसे बस इतनी ही प्रार्थना है कि जब मेरा अंत समय आए, तब मुझे बिसरा मत देना!

# बच्चों को कब देना चाहिए फोन

(मुकुल श्रीवास्तव)

स्मार्टफोन की बच्चों को कितनी जरूरत है। यह एक अहम सवाल है। अफसोस कि भारत में इस ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। फर्ज करिए, अगर आपकी 10 साल की बेटी को मंगल ग्रह की पहली मानव बस्ती में शामिल होने के लिए चुना जाए, और वह जाने के लिए पूरी तरह तैयार हो, तभी आपको पता चले कि इस मिशन के अरबपति आर्किटेक्ट ने उस लाल ग्रह के जहरीले वातावरण को नजरअंदाज किया है, जिसमें बच्चों के दिल, दिमाग और आंखों में गंभीर विकृतियां आ जाएंगी, तो क्या सबकुछ जानने के बाद भी आप अपनी बेटी को उस मिशन पर जाने देंगे ? यह कोशिश नहीं करेंगे कि वह लाल ग्रह पर जाने के उस मिशन से मुंह मोड़ ले?

**ब्लैक मिरर:** जोनाथन हैड ने अपनी किताब The An&ious Generation की शुरुआत इसी उदाहरण से की है, जिसे ब्लैक मिरर कहा गया है। इस उदाहरण में मंगल ग्रह को सोशल मीडिया की खतरनाक दुनिया का प्रतीक माना गया है। कॉमन सेंस मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आज 10 साल की उम्र वाले 42 प्रतिशत बच्चों के पास स्मार्टफोन है। 12 साल की उम्र में यह 71 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। 14 साल के उम्र समूह में तो 91 प्रतिशत बच्चों के हाथ में मोबाइल फोन है।

**युवाओं में डिप्रेशन:** इस डिजिटल दुनिया ने हमारे युवाओं को चिंता और डिप्रेशन जैसी विकृतियों से भर दिया है। मोबाइल फोन एक लत की तरह है, लगातार बच्चों का ध्यान भटकाता है और उन्हें उस दुनिया में ले जाता है जो हमारे नियंत्रण से बाहर है। भारत में एक बड़ा बदलाव 2000 के दशक से शुरू हुआ, जब अभिभावकों ने बच्चों को अनजान खतरों से बचाने के लिए भय आधारित पैरेंटिंग करनी शुरू की। इसकानी ऐसी पैरेंटिंग जिसमें बच्चों पर ज्यादा नजर रखी जाती थी, यह ध्यान रखा जाता था कि वह घर की सुरक्षित दुनिया से बाहर ज्यादा समय न बिताए। इसका परिणाम यह रहा कि बच्चों के खेलने का समय कम हुआ और उन पर माता-पिता का नियंत्रण बढ़ गया। दूसरी बात यह कि शहरों में खेल के मैदान खत्म होते गए। नतीजा कुल मिलाकर यह रहा कि बच्चे मोबाइल स्क्रीन में डूबते चले गए।



**डिफेंस मोड में बच्चे - अभिभावक :** आज के बच्चे और उनके माता-पिता एक तरह के डिफेंस मोड में फंसे हुए हैं। इससे बच्चे चुनौतियों का सामना करने, जोखिम उठाने और नई चीजें एक्सप्लोर करने से वंचित रह जाते हैं, जो उन्हें मानसिक रूप से मजबूत करने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए जरूरी है।

**गलत नजरिया:** असल में बच्चों को माता-पिता से वैसी ही परिस्थितियां मिलनी चाहिए जैसी एक माली अपने पौधों को स्वाभाविक रूप से बढ़ने और विकसित होने के लिए उपलब्ध कराता है। मगर अभिभावक हैं कि बच्चों को एक बढ़ई की तरह बड़ा कर रहे हैं जो अपने सांचों को पूरी तरह से अपने नियंत्रण में आकार देता है।

**डिजिटल दुनिया:** असली दुनिया में हम अपने बच्चों को अधिक सुरक्षा प्रदान करते हैं, लेकिन डिजिटल दुनिया में उन्हें अपने हाल पर छोड़ देते हैं, जो कि उनके लिए खतरनाक साबित हो रहा है। स्मार्टफोन और अत्यधिक सुरक्षात्मक पालन-पोषण के इस मिश्रण ने बचपन की संरचना को बदल दिया है और मेंटल हेल्थ ईशूज को जन्म दे रहा है।

**भावनात्मक स्थिरता पर प्रभाव:** संयुक्त राष्ट की शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति एजेंसी यूनेस्को के मुताबिक इस बात के प्रमाण मिले हैं कि मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग शैक्षणिक प्रदर्शन में कमी से जुड़ा है और स्क्रीन के अधिक समय का बच्चों की भावनात्मक स्थिरता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यूनेस्को ने अपनी ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटर रिपोर्ट 2023 में लिखा है कि डिजिटल तकनीक ने शिक्षा में गुणवत्ता जोड़ी है, यह प्रदर्शित करने के लिए बहुत कम मजबूत शोध हुए हैं। इस बाबत दिए गए ज्यादातर साक्ष्य निजी शिक्षा कंपनियों द्वारा वित्त पोषित थे, जो डिजिटल शिक्षण उत्पाद बेचने की कोशिश कर रही थीं।

**चीन ने बांधी सीमा:** इस रिपोर्ट में चीन का हवाला दिया गया है, जिसने शिक्षा में डिजिटल उपकरणों के उपयोग की सीमाएं निर्धारित कर दी हैं। वहां उन्हें कुल शिक्षण समय के 30 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया है और छात्रों से नियमित तौर पर स्क्रीन ब्रेक लेने की अपेक्षा की जाती है।

**सेकंड हैंड स्मोक:** फोन लोगों में सीखने की क्षमता को भी प्रभावित कर सकते हैं। कई अध्ययनों में पाया गया कि स्कूल में फोन का इस्तेमाल एकाग्रता को कम करता है। खास बात यह कि फोन का इस्तेमाल सिर्फ उपयोगकर्ता को ही नहीं प्रभावित करता। फोन फ्री स्कूल आंदोलन की संस्थापक साबिने पोलाक ने इसके लिए 'सेकंड हैंड स्मोक' टर्म इजाद किया है। जिस तरह किसी व्यक्ति के द्वारा छोड़ा गया सिगरेट का धुआं पास खड़े व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है, उसी तरह भले किसी छात्र के पास फोन न हो, वह क्लास में दूसरों द्वारा फोन के इस्तेमाल से प्रभावित होता है। यह उपकरण शिक्षकों में भी तनाव बढ़ाता है।

**मोबाइल मैनर:** भारत में अभी तक इस दिशा में कोई ठोस पहल न होना चिंता का विषय है। मगर अभिभावक अपने स्तर पर भी प्रयास कर सकते हैं। बेहतर होगा वे अपने बच्चों को स्मार्टफोन देने में देरी करें और स्कूल इस फैसले में उनका समर्थन करें। अपने बच्चों पर नजर रखने के लिए माता-पिता फ्लिप फोन, स्मार्ट वॉच, ट्रैकिंग डिवाइसेस जैसे उपकरणों की मदद ले सकते हैं। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि अब बच्चों को जीवन जीने के तौर-तरीके सिखाने के साथ-साथ मोबाइल मैनर भी सिखाए जाएं।

**(लेखक लखनऊ विश्वविद्यालय में जर्नलिज्म के प्रफेसर हैं)**

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 3892

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 3891

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

# पीएम मोदी का कश्मीर दौरा, जल्द मिले राज्य का दर्जा

(अनुज श्रीवास्तव)

लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के बाद जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली यात्रा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही वहां के लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षा को संबोधित किया। उन्होंने न केवल वहां जल्द चुनाव कराए जाने का संकेत दिया बल्कि यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने में अब ज्यादा देर नहीं है। बेशक ये दोनों मुद्दे जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिल के करीब हैं, लेकिन इन पर ऐसी घोषणाओं से आगे बढ़कर काफी कुछ करने की जरूरत है।

## स्पष्टता की कमी

पीएम मोदी ने अपनी दो दिवसीय यात्रा के पहले ही दिन इन दोनों मसलों का जिक्र किया जो इस बात का संकेत है कि सरकार की प्राथमिकता सूची में ये दोनों मुद्दे काफी ऊपर हैं। फिर भी ये घोषणाएं वहां तत्काल खास उत्साह नहीं जगा पाईं तो उसकी एक वजह यह भी है कि इनमें स्पष्टता की थोड़ी कमी पाई गई। प्रधानमंत्री की बातों से यह साफ नहीं हुआ कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा कब तक दिए जाने की योजना है।

## चुनाव की हैसियत संभवत

यही कारण रहा कि पीएम मोदी के बयान के बाद वहां से यह मांग उठी कि सरकार को चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दे देना चाहिए। विधानसभा चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट 30 सितंबर की समयसीमा तय कर चुका है। लेकिन चुनाव राज्य की विधानसभा के लिए होगा या केंद्रशासित क्षेत्र के लिए यह तय नहीं है। और प्रधानमंत्री का बयान भी उस पर कोई रोशनी नहीं डालता है।

## कानून-व्यवस्था की चुनौती

इसमें दो राय नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम लगी है। लेकिन फिर भी ये घटनाएं पूरी तरह बंद नहीं हुई हैं। खासकर पीएम मोदी की यात्रा से कुछ पहले हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकी तत्व अपनी मौजूदगी का अहसास कराने की कोशिश से बाज नहीं आ रहे। ऐसे में चुनावों के दौरान उनकी तरफ से बाधा डालने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## 370 के बाद

पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 के तहत राज्य को हासिल विशेष दर्जे की समाप्ति के बाद किए गए कार्यों का उल्लेख किया और बताया कि कैसे उसके बाद विकास का फल राज्य के लोगों तक ज्यादा आसानी से और ज्यादा मात्रा में पहुंच रहा है। लेकिन इस बारे में राज्य के लोगों की क्या राय है यह चुनावों से जाहिर होगा। समयसीमा आगे न बढ़े लोकसभा चुनावों में वोटिंग का दशकों पुराना रेकॉर्ड टूटना जरूर एक उपलब्धि है जो बताती है कि आतंकी तत्वों की लाख कोशिशों के बावजूद चुनाव प्रक्रिया के जरिए मुख्यधारा से जुड़ने की आम लोगों की इच्छा कम नहीं हुई है। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि किसी भी सूरत में चुनाव की सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई समयसीमा आगे न बढ़ने दी जाए।

# आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन सफलता से भरा होगा और आपके घर में सुख समृद्धि आएगी। भाग?य आपका साथ देगा और आपके अच?छे काम से आपका गौरव बढ़ेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का लाभ आपको मिलेगा और योजनाएं सफल होंगी।

### वृषभ

आज आपका दिन सफलता से भरा होगा। संतान पक्ष के श्रेष्ठ आचरण और सफलता से हर्ष होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलें कोई विशेष सफलता मिलेगी। नौकर-चाकर व सांसारिक सुख भोगों का विस्तार होगा।

### तुला

आज आप संभलकर काम करें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। आपको कोई राजकीय दण्ड भी प्राप्त हो सकता है। इसलिए जोखिम के काम से दूर रहें। शाम से लेकर रात तक भी छोटे-मोटे कष्ट व मानहानि की आशंका बनी रहेगी।

### वृश्चिक

आज दिन सफलता से भरा होगा। यदि आप नौकरी करते हैं तो पद और अधिकारों में वृद्धि होगी। आपके साहस एवं पराक्रम में वृद्धि होगी और आपके शत्रु नतमस्तक होंगे। संतान के प्रति आपकी प्रेम भावना बढ़ेगी। शाम से लेकर रात तक आपका मन अच्छे काम में लगेगा और आपके लिए वृद्धि के योग हैं।

### मिथुन

आज का दिन अनुकूल नहीं है। आज आपको कुछ समस?याओं का सामना करना पड़ सकता है। त्वरित निर्णय न ले पाने के कारण किसी कार्य में बाधा आ सकती है। यदि आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से आपके अधिकारों में वृद्धि होगी।

### कर्क

आज लाभ होगा और काफी समय से यदि आपकी उन?नति रुकी थी तो आज कोई अच?छी खबर आपके लिए आ सकती है। इसके अतिरिक्त आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों को आकर्षित कर सकते हैं।

### धनु

आज भाग्य का साथ मिलेगा और साथ ही आपको ज्ञान और अनुभव मिलेगा। आपकी बुद्धि विवेक से नई खोजें होंगी। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। शाम में आपकी संतान को कष?ट हो सकता है। विश्वासप्राप्त व्यक्ति एवं नौकर चाकर विश्वासघात करने का प्रयास करेंगे सावधान रहें।

### मकर

आज अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। यदि आपकी प्रोन्नित रुकी है तो अवश्य प्राप्त हो जाएगी। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा। शाम से लेकर रात तक में शुभव्यय और कीर्ति में वृद्धि होगी। शीघ्रगामी वाहनों से सतर्क रहें और काम में लगे रहें।

### सिंह

आज करियर के मामले में लाभ होगा। यदि आप व्यापारी हैं तो आपके लिए अच?छे परिवर्तन होंगे। नौकरीपेशा है तो आपके अधिकार बढ़ेंगे और आपको आ?र्थिक लाभ होगा। सम्मान मिलेगा। परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलेगा।

### कन्या

आज आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। ऑफिस में आपके उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। आप अपनी शानशौकत के लिए धन का अपव्यय भी कर सकते हैं। आपको सलाह है कि फालतू खर्च से बचें। इसका लाभ आज आपकी संतान को मिलेगा।

### कुंभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा। जल्दबाजी में किए गए कार्य से हानि होने की आशंका है। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। किसी नए काम में निवेश करना पड़े तो करें। आगे चलकर लाभ होगा। संतान की नौकरी एवं विवाह इत्यादि मंगल कार्यों के लिए किए गए प्रयास में सफलता मिलेगी।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और का दिन सुकून में बीतेगा। यदि आप किसी वित्तीय संस्था या व्यक्ति से ऋण लेना चाहते हैं तो आसानी से मिल जाएगा। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें सफल बनाने का पूर्ण प्रयास करें। आपके साहस एवं पराक्रम से आपका आत्म विश्वास बढ़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में चोरी का अजब मामला! खेतों से फसल चुराने वाला गिरोह पकड़ाया



चुरू, एजेंसी। राजस्थान के चुरू जिले में एक अजीब मामला सामने आया है। यहां पुलिस ने तीन आरोपियों को किसानों के खेतों से फसल चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। तीनों ने कई खेतों से फसल चोरी की है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी आदतन अपराधी हैं और कई बार दूसरे किसानों के खेतों से फसल चोरी कर चुके हैं। पुलिस ने बताया कि ये सभी आरोपी खेतों में फसल चोरी करने के लिए मशीन और गाड़ियों का इस्तेमाल करते थे। तीनों की गिरफ्तारी के बाद उनके ठिकानों से गाड़ी और फसल काटने वाली मशीनें बरामद की गई हैं। राजस्थान में चूरू जिले के भानीपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने खेतों से फसल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करके तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए चुरू पुलिस अधीक्षक जय यादव ने रविवार को बताया कि घटना के संबंध में 17 जनवरी को रायपुरा निवासी इमी चन्द जाट शिकायत मिली थी कि अज्ञात चोर उसके खेत में बने मकान से नरमा चोरी कर ले गए हैं। इस पर पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद आरोपी राजकुमार बावरी (38), सोनू कुमार उर्फ सोनिया बावरी (20) और मदनलाल बावरी (30) को गिरफ्तार करके चोरी गई फसल के साथ घटना में प्रयुक्त वाहन और मशीनें बरामद कर ली गई हैं। इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए जय यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आदतन खेतों से फसल चोरी करते हैं। इनके विरुद्ध हनुमानगढ़ के थाना रावतसर, खुईया और नोहर, श्रीगंगानगर के राजियासर थाने में चोरी के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। ये लोग दिन में मोटरसाइकिल से खेतों में बने मकान और रास्ते की रेकी करते हैं। उसके बाद रात को मोटर साइकिल से पुलिस की गाड़ी की निगरानी और पिकअप से खेत से फसल चोरी किया करते हैं। अब पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### शशि थरूर के पेपर लीक पोस्ट पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दी आत्ममंथन की सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी। पेपर लीक को लेकर चल रहे विवाद के बीच कांग्रेस नेता शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर एक वायरल पोस्ट शेयर की। भाजपा शशि थरूर के पोस्ट को उत्तर प्रदेश के लोगों का अपमान बता रही है। थरूर की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उन्हें आत्ममंथन करने की सलाह दी। पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि शशि थरूर क्या आप इस विमर्श को गंभीरता से इसी स्तर तक ले जाना चाहते हैं? उत्तर प्रदेश न केवल हमारी सभ्यता में योगदान के लिए जाना जाता है, बल्कि इसने असंख्य साहित्यिक व राजनीतिक दिग्गजों को पैदा किया है। विडंबना यह है कि यह प्रथम परिवार का भी घर है, जिसके प्रति सभी कांग्रेस नेता श्रद्धा रखते हैं। उन्होंने आगे लिखा कि सर्वोत्तम संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने के विशेषाधिकार के बावजूद, मुझे आश्चर्य है कि आपने पूरे राज्य को इस तरह से रूढ़िवादी, तुच्छ और व्यंग्यपूर्ण बयानों के लिए चुना। गंभीर आत्ममंथन की जरूरत है मेरे दोस्त। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शशि थरूर पर निशाना साधते हुआ कहा कि कांग्रेस बार-बार अपना असली चेहरा दिखा ही देती है। किस प्रकार से एक गंभीर विषय को राजनीति और सियासत का विषय बना रही है, ये शशि थरूर के पोस्ट से साफ तौर पर देखने को मिलता है। क्या ये सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी को स्वीकार है।

### पांच साल में लखनऊ भारत के टॉप तीन शहरों में होगा शामिल : राजनाथ सिंह

लखनऊ, एजेंसी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि पांच साल में लखनऊ भारत के तीन बड़े शहरों की कतार में आकर खड़ा हो। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को लखनऊ में एक स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपको बताना चाहूंगा कि अभी हमारा लखनऊ भारत के टॉप 10 शहरों में है। पांच सालों में यह देश के तीन बड़े शहरों की कतार में आकर खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया गया है, तो यह मैंने भी संकल्प लिया है कि हम सांसद रहें या ना रहें, मैं लखनऊ को विकसित बनाने का कार्य करूंगा। रक्षामंत्री ने कहा कि अटल जी का जन्म शताब्दी समारोह भव्य रूप से शानदार तरीके से मनाया जाए और इसके लिए उन्होंने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं से कहा कि इसकी तैयारी अभी से करें। यदि मैं दिल्ली में रहता हूं तो लखनऊ के कार्यकर्ता मुझसे बगैर मिले वापस नहीं लौटता है। मैं बार-बार कहता रहा हूं कि हम राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं करते हैं, हम राजनीति देश बनाने के लिए करते हैं। हम राजनीति चुनाव जीतने के लिए नहीं, समाज बनाने के लिए करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैंने जात-पात और धर्म के आधार पर कभी भी राजनीति नहीं की है। मानवीय धर्म के आधार पर हमको कार्य करना चाहिए। मन बड़ा करके ही मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बन सकता है, छोटे मन का व्यक्ति लाख कोशिश कर ले, लेकिन अपने जीवन को सार्थक नहीं बना सकता। उन्होंने कहा कि लखनऊ में कितना हुआ है।

# राजस्थान में कांग्रेस एकला चलो की राह पर, हनुमान बेनीवाल को झटका

जयपुर, एजेंसी। कांग्रेस राजस्थान विधानसभा उप चुनाव में किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। पार्टी चुनाव अकेली लड़ेगी। उप चुनाव को लेकर कमेटी गठित कर दी है। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने आदेश जारी कर दिए है। पार्टी हनुमान बेनीवाल के सांसद बने से रिक्त हुई खींवसर पर अपना प्रत्याशी उतार सकती है। जबकि बाप सांसद राजकुमार रोत के इस्तीफे से खाली हु चौरासी सीट पर प्रत्याशी उतार सकता है। बता दें लोकसभा चुनाव में बाप और आएलपी के साथ कांग्रेस का गठबंधन था। लेकिन पार्टी के नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे। बता दें उपचुनाव में हनुमान बेनीवाल 5 में से 2 सीटें कांग्रेस से मांग रहे थे, लेकिन अब कांग्रेस ने कमेटी गठित कर साफ संकेत दे दिया है वह अपने सहयोगी दलों के लिए कोई सीट नहीं छोड़ेगी। गठबंधन केवल लोकसभा चुनाव को लेकर था। झुंझुनू सीट पर सांसद बृजेंद्र सिंह ओला, प्रभारी महासचिव रामसिंह कस्वां, जिलाध्यक्ष दिनेश मूंड और विधायक मनोज मेघवाल को कमेटी में शामिल किया गया है, जबकि दौसा विधानसभा सीट पर सांसद मुरारीलाल मीणा, महासचिव पुष्पेंद्र भारद्वाज, जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओड और विधायक रफीक खान को कमेटी में जगह मिली है. इसी तरह देवली-उनियारा सीट पर सांसद हरिशचंद्र मीना, प्रभारी महासचिव प्रशांत शर्मा, जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा



और विधायक विकास चौधरी को कमेटी में शामिल किया गया है। खींवसर सीट के लिए जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत, विधायक डूंगरराम गेदर, सेवादल के मुख्य संगठक हेमसिंह शेखावत और एनएसयूआई के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी को जिम्मा दिया गया है। इस सीट से विधायक बनने के बाद राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल ने नागौर से सांसद का चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। वे पहले भी खींवसर से लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। डूंगरपुर जिले की चौरासी सीट पर प्रभारी उपाध्यक्ष रतन देवासी, जिलाध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार, विधायक पुष्करलाल डांगी और पूर्व विधायक रामलाल मीना को जिम्मेदारी दी गई है। चौरासी सीट से विधानसभा चुनाव में भारत आदिवासी पार्टी के राजकुमार रोत ने जीत दर्ज की थी। बाद में सांसद बनने के बाद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। दरअसल, राजस्थान की पांच विधानसभा सीट से विधायक चुने गए नेता लोकसभा चुनाव में उतरे और जीत दर्ज की। इसके बाद उन्होंने विधायक के पद से इस्तीफा दे दिया। इसलिए अब झुंझुनूं, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर और चौरासी सीट पर उपचुनाव होने हैं। इन पांच में से तीन सीट कांग्रेस के खाते में थी। जबकि एक-एक सीट राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और भारत आदिवासी पार्टी के खाते में थी। यह चार सदस्यों की कमेटी संबंधित विधानसभा सीट पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने की दिशा में काम करेगी। इस समिति में शामिल नेता ब्लॉक, मंडल और बूथ कांग्रेस कमेटियों की बैठक लेकर जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद करेंगे। जमीन पर मतदाताओं से संवाद और जुड़ाव के लिए यह कमेटी रणनीति तैयार कर संबंधित सीट पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की रूपरेखा तय करेगी।

### लोकसभा में अच्छे नतीजे के बाद भी महाराष्ट्र कांग्रेस में मची कलह, 16 नेताओं की हाईकमान को चिट्ठी

मुंबई, एजेंसी। लोकसभा चुनाव में उम्मीद से काफी अच्छा प्रदर्शन करने के बाद महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी में संकट मंडरा रहा है। लगभग 16 कांग्रेस नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बैठक के लिए चिट्ठी लिखी है। 16 जून को लिखी गई चिट्ठी में मुंबई में संगठनात्मक ढांचे पर ध्यान केंद्रित करने, पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने, रणनीतिक सिफारिशों और प्रस्तावों पर चर्चा करने की बात कही गई है। कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं का एक दल चाहता है कि पार्टी नेतृत्व वर्षा गायकवाड़ को मुंबई कांग्रेस प्रमुख के पद से हटा दे। चिट्ठी पर वरिष्ठ नेता चंद्रकांत हंडोरे (सीडब्ल्यूसी सदस्य) और महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष, आरिफ नसीम खान, और महाराष्ट्र कांग्रेस के कोषाध्यक्ष डॉ अमरजीत मन्हास ने भी हस्ताक्षर किए हैं। मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जेसी चंदुरकर भी इस कड़ी में शामिल हैं। इकोनॉमिक टाइम्स ने चिट्ठी लिखने वाले वरिष्ठ नेता के हवाले से बताया कि वे चाहते हैं कि गायकवाड़ को पद से हटा दिया जाए ताकि कांग्रेस अपनी हालिया सफलता को और आगे ले जा सके। उन्होंने बताया, वह एक संगठन का निर्माण करने में सक्षम नहीं रही हैं। कांग्रेस के प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए कुछ लोगों ने कुछ उपाय सुझाए हैं।

### ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही पर रेलवे का जोर, रेल मंत्री ने कवच सिस्टम को लेकर दिया बड़ा आदेश

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय रेलवे ने स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का नया वैरिएंट कवच 4.0 डेवलप किया है।



ट्रायल हो जाने के बाद इसे शीघ्र ही लगाना शुरू किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कवच की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें अधिकारियों ने कवच के संस्करण 4.0 की प्रगति के बारे में बताया। साथ ही, वैष्णव ने निर्देश दिया कि कवच 4.0 तैयार होते ही सभी लोको पर मिशन मोड में योजनाबद्ध तरीके से कवच की स्थापना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंस्टालेशन की प्रक्रिया में मौजूद मौजूदा सिस्टम को भी कवच ??4.0 में अपग्रेड किया जाएगा।

स्वचालित ट्रेन सुरक्षा कवच का विकास रेलवे सुरक्षा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अस्सी के दशक में दुनिया की अधिकांश प्रमुख रेलवे प्रणालियां एटीपी में स्थानांतरित हो गईं। भारतीय रेलवे ने 2016 में ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली के पहले संस्करण की मंजूरी के साथ यह यात्रा शुरू की थी। वर्ष 2019 में सुरक्षा प्रमाणन के उच्चतम स्तर एसआईएल-4 को प्राप्त करने के लिए सिस्टम का परीक्षण किया गया था। भारतीय रेलवे अलग-अलग प्रकार के ट्रैक वाले नेटवर्क संचालित करता है। विभिन्न स्थितियों का अध्ययन करने और उन्हें सुरक्षा प्रणालियों में शामिल करने की आवश्यकता है क्योंकि एक ट्रेन रेलवे नेटवर्क पर कहीं भी यात्रा कर सकती है।

**कवच सिस्टम का ऐसे हुआ विकास :** रिपोर्ट के मुताबिक, इस सिस्टम को 2020 में राष्ट्रीय एटीपी प्रणाली के रूप में मंजूरी दी गई। कोविड काल के बावजूद आगे का परीक्षण और विकास जारी रहा। 2021 में सिस्टम के संस्करण 3.2 को प्रमाणित और क्रियान्वित किया गया था। 2022 की अंतिम तिमाही में दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा के उच्च घनत्व वाले मार्गों पर काम शुरू किया गया था। अभी जो संस्करण लगाया जा रहा है, वह कवच 3.2 है। किसी भी एटीपी प्रणाली को कार्य करने के लिए 5 उपप्रणालियों की आवश्यकता होती है।

### हिमाचल में भारतीय जनता पार्टी के 9 विधायकों की जा सकती है सदस्यता- मुख्यमंत्री सुक्खू

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर पलटवार किया है। पलटवार करते हुए रविवार को कहा कि जैसे छः मुख्य संसदीय सचिवों (सीपीएस) पर ठाकुर कह रहे हैं कि उनकी सदस्यता चली जाएगी वैसे ही हमें भी लगता है कि भारतीय जनता पार्टी के नौ सदस्यों की विधानसभा सदस्यता जा सकती है। हाल ही में हुए राज्यसभा चुनावों में कुछ कांग्रेस विधायकों ने बगावत करते हुए भाजपा प्रत्याशी को वोट कर दिया था। लोकसभा चुनावों के साथ हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने बाजी मारी और भाजपा से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की। मुख्यमंत्री ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को श्रद्धांजलि देने के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि भाजपा के नौ सदस्यों द्वारा बजट सत्र के दौरान हंगामे का मामला विधानसभा अध्यक्ष के विचाराधीन है। उनके निष्कासन पर स्पीकर अंतिम निर्णय लेंगे। जैसे 6 सीपीएस पर जयराम ठाकुर कह रहे है कि उनकी सदस्यता चली जाएगी, वैसे ही हमें भी कहना कि भाजपा के नौ सदस्यों की विस सदस्यता जा सकती है। श्री ठाकुर कोर्ट में चल रहे सीपीएस मामले पर बयान देकर नियमों की अवहेलना कर रहे हैं।

# जून की कमी जुलाई में पूरी करेगा मॉनसून, ला नीना के कारण होगी मूसलाधार बारिश

नईदिल्ली, एजेंसी। लाखों लोगों को चिलचिलाती गर्मी का सामना कर पड़ा रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए अपने खेतों में पानी का इंतजार है। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपने नए पूर्वानुमान में कहा है कि मॉनसून 3 जुलाई तक पूरे देश में फिर से बढ़ना शुरू करेगा और उत्तर-पश्चिम भारत में बरसने लगेगा। इससे दिल्ली के साथ-साथ पंजाब और हरियाणा जैसे कृषि प्रमुख राज्य शामिल हैं। आपको बता दें कि 11 जून के बाद से मॉनसून की रफ्तार सुस्त हो चुकी है। गुरुवार को मध्य भारत के कुछ हिस्सों में ही यह थोड़ा आगे बढ़ी है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने कहा, हमें जुलाई के पहले सप्ताह के आसपास अच्छी रिकवरी की उम्मीद है और जून से हुई कमी उस अवधि के दौरान पूरी हो जाएगी।

**अगले 3-4 दिनों में यहां होगी बारिश :** अगले 3-4 दिनों के दौरान मॉनसून के गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, गंगा के तटीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के शेष हिस्सों, झारखंड के कुछ हिस्सों, बिहार के कुछ और हिस्सों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने की उम्मीद है। मौसम एजेंसी ने यह बी भविष्यवाणी की है कि 27 जून से यह उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में जोर पकड़ेगा। आईएमडी के पूर्वानुमान में कहा गया है, इस दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और पश्चिमी राजस्थान को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की गतिविधि सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।



आईएमडी ने यह भी कहा है कि वर्तमान में अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) की स्थितियां बनी हुई हैं। अगस्त के आसपास ला नीना विकसित होने की उम्मीद है। अल नीनो भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र का चक्रीय वार्मिंग है, जो दुनिया भर के मौसम पर एक व्यापक प्रभाव डालता है। भारत में यह आमतौर पर कमजोर मॉनसून के मौसम का कारण बनता है। ला नीना इसके विपरीत घटना है। इसके कारण भारतीय उपमहाद्वीप में अधिक बारिश होती है। मौसम विज्ञानी एम राजीवन ने कहा, मॉनसून फिर से सक्रिय हो रहा है। जुलाई के पहले सप्ताह तक मॉनसून आ जाएगा। हमें अगले 2-3 सप्ताह तक अच्छी बारिश की उम्मीद करनी चाहिए। सामान्य से अधिक मॉनसून वाली बारिश होगी। हमें अगस्त में ला नीना के कारण सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद करनी चाहिए। आपको बता दें कि मॉनसून की प्रगति लगभग नौ दिनों से रुकी हुई थी। शनिवार तक मॉनसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, मंडला, पेंड्रा रोड, झारसुगुड़ा, बालासोर, हल्दिया, पाकुर, साहिबगंज और रक्सौल से होकर गुजरी। आईएमडी को अगले 3-4 दिनों में उत्तरी अरब सागर, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में मॉनसून के आगे बढ़ने की उम्मीद है।

## नरेंद्र मोदी 3.0 में भी हाइवे और एक्सप्रेसवे पर जोर, गडकरी के मंत्रालय ने रखा 30,000 किलोमीटर का प्लान

नईदिल्ली, एजेंसी। नरेंद्र मोदी सरकार अपने दो कार्यकालों के रिपोर्ट कार्ड में हाइवेज और एक्सप्रेसवे के निर्माम को गिनाती है। यूपी, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में तेजी से इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार भी हुआ है। अब तीसरे कार्यकाल में भी सरकार इन्फ्रा पर फोकस करना चाहती है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कैबिनेट से 22 लाख करोड़ रुपये के निवेश की मंजूरी मांगी है। मंत्रालय का कहना है कि वह 2031-32 तक देश में 30,600 किलोमीटर हाईवे बनाएगा। यह प्लान वित्त मंत्रालय को सौंपा गया है और सभी अहम मंत्रालयों के साथ साझा किया गया है। इस प्लान के अनुसार देश भर में 18 हजार किलोमीटर एक्सप्रेसवे और हाई स्पीड कॉरिडोर बनाने की तैयारी है। इसके अलावा शहरों के आसपास 4000 किलोमीटर हाईवेज को जाममुक्त करने का भी प्लान है। वहीं सीमांत इलाकों में भी सड़क बनाने की योजनाएं हैं, जो रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम हैं। मंत्रालय की योजना के मुताबिक इसमें 25 फीसदी रकम प्राइवेट सेक्टर से आएगी। सड़क परिवहन मंत्रालय के मुताबिक दो चरणों में योजना



तैयार की गई है। पहले राउंड के तहत 2028-29 तक सारे टेंडर जारी हो जाएंगे और उन पर काम 2031 तक पूरा कर लिया जाएगा। इन प्रोजेक्ट्स में 22 लाख करोड़ रुपये की पूंजी लगेगी। रिपोर्ट के मुताबिक मंत्रालय ने सालाना 10 फीसदी बजट आवंटन बढ़ाने की मांग की है ताकि परियोजनाओं को पूरा किया जा सके। बता दें कि सरकार ने अंतरिम बजट में हाईवेज मिनिस्ट्री को 2.78 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया था। यह बीते वित्त वर्ष की तुलना में 2.7 फीसदी अधिक था। सड़क परिवहन मंत्रालय ने दूसरे चरण की जो योजना तैयार की है, उसके तहत 28,400 किलोमीटर हाईवे बनेगा। इस प्लान के तहत पूरी कार्ययोजना और टेंडर का काम 2033-34 तक निपटा लिया जाएगा और इन पर काम 2036-37 तक निपटा लिया जाएगा। नितिन गडकरी के कामकाज की होती रही है तारीफ हालांकि इसके बारे में अभी किसी फंड की मांग नहीं की गई है।

## कौन बनेगा भाजपा अध्यक्ष? आरएसएस चाहे शिवराज और राजनाथ, मोदी की पसंद कौन

नईदिल्ली, एजेंसी। मोदी सरकार 3.0 में जगत प्रकाश नड्डा के शामिल होने के बाद भाजपा अध्यक्ष कौन बनेगा? इस पर अभी तक पार्टी ने कोई फैसला नहीं लिया है। आगामी 30 जून नड्डा का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। पार्टी नेतृत्व भाजपा चीफ के लिए आरएसएस से भी संपर्क में है। सूत्रों का कहना है कि आरएसएस केंद्रीय मंत्री राजनाथ या शिवराज सिंह चौहान में से से किसी एक को भाजपा अध्यक्ष के तौर पर देखना चाहता है। संघ परिवार यह भी चाहता है कि इसके लिए इन दोनों में से एक केंद्रीय पद छोड़े और भाजपा चीफ का पद संभाले। दूसरी तरफ पीएम मोदी और अमित शाह की पसंद कोई और है।

देश की सबसे बड़ी पार्टी के मुखिया पद पद पर कौन आसीन होगा? इस पर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है। वर्तमान में भाजपा की कमान संभाल रहे जेपी नड्डा का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। न्यू इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट है कि आरएसएस केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और शिवराज सिंह चौहान में से किसी एक को इस पद के लिए ज्यादा सही मानता है। संघ चाहता है कि इन दोनों मंत्रियों में से कोई एक सरकार से इस्तीफा देकर पार्टी अध्यक्ष का पद संभाले।

**मोदी और शाह की पसंद कौन है :** रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह राजनाथ और शिवराज में से किसी को भाजपा अध्यक्ष पद के लिए जाने नहीं देना चाहते। वे पार्टी के



किसी प्रभावी पदाधिकारी को शीर्ष पद पर बैठाना चाहते हैं। उनके पसंदीदा नेताओं में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और सुनील बंसल हैं। ये दोनों नेता पार्टी में ऊंचे पद संभाल चुके हैं। दोनों में पार्टी चलाने का अनुभव भी है और संगठन में अपनी योग्यता भी साबित कर चुके हैं। इनमें से किसी एक की पार्टी प्रमुख के तौर पर नियुक्ति होने की भी उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राजनाथ और शिवराज दोनों में से किसी को भी पार्टी पद की जिम्मेदारी देने के बजाय तावड़े या सुनील बंसल में से एक को पार्टी का नियंत्रण देना चाहते हैं। जल्द ही तावड़े या बंसल में से किसी एक को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की भी संभावना है।

## क्या आकाश आनंद की वापसी से मजबूत होगी बसपा, चंद्रशेखर आजाद की जीत ने किया मायावती को मजबूर?

लखनऊ, एजेंसी। बहुजन समाज पार्टी यानी बसपा की सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। साथ ही राष्ट्रीय समन्वयक का पद भी लौटा दिया है। खास बात है कि बीते साल दिसंबर में ही उन्होंने भतीजे आनंद से पद छीन लिया था। अब मायावती के इस यूटर्न को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। अटकलें हैं कि इस फैसले की एक वजह उत्तर प्रदेश के नगीना लोकसभा सीट से चंद्रशेखर आजाद की जीत भी हो सकती है, जो बहुजन आंदोलन के एक विकल्प के तौर पर भी उभरते नजर आ रहे हैं। हालांकि, इसे लेकर पार्टी की ओर से साफतौर पर कुछ नहीं कहा गया है।

क्यों बदला फैसला? पद से हटाए जाने के बाद ही आनंद ने लोकसभा चुनाव प्रचार से दूरी बना ली थी। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी को हारे हुए उम्मीदवारों से भी जानकारी मिली है कि अगर आनंद प्रचार अभियान जारी रखते, तो बसपा का कोर वोटर माने जाने वाले जाटव दलित और मुस्लिमों का एक वर्ग समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन का समर्थन नहीं करता। अब एक ओर जहां मायावती कांग्रेस और सपा के खिलाफ हमलावर रहती हैं। वहीं, आनंद शिक्षा, गरीबी जैसे मुद्दों को लेकर भाजपा के खिलाफ बोल रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ नेताओं



का कहना है कि आनंद के जाने ने दलितों और मुसलमानों में संदेश दिया है कि मायावती भाजपा के दबाव में हैं। अखबार से बातचीत में एक नेता ने कहा, उनका वापस आना बसपा को इस टैग से मुक्ति दिलाने में मदद करेगा कि पार्टी भाजपा की बी टीम है। यह जाटवों और अन्य दलितों के हमारे कोर वोटर बेस में फिर भरोसा तैयार करने में सहायक होगा और लोकसभा चुनाव में हार के बाद निराश कैडर में फिर ऊर्जा भर देगा। चंद्रशेखर आजाद की जीत बीएसपी ने 2019 लोकसभा चुनाव में नगीना सीट से जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार पार्टी चौथे स्थान पर रही। अखबार के अनुसार, बसपा में कुछ का मानना है कि मायावती का फैसला बदलने का एक कारण आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) नेता आजाद की जीत भी हो सकती है। सपा में आनंद की बहाली की वजह संभावित रूप से आजाद के दलित और युवा नेता के तौर पर उभरना भी हो सकती है। अखबार के अनुसार, बसपा के एक नेता ने कहा, अब लोकसभा में बसपा का एक भी सांसद नहीं है और आजाद देशभर में घूमते हुए सदन में दलितों और मुसलमानों के मुद्दे को उठाएंगे। यह एक दलित नेता और मायावती के विकल्प के तौर पर उभरने में उनकी मदद करेगा और बसपा को कमजोर करेगा। इस डैमेज कंट्रोल के लिए आनंद की वापसी जरूरी थी। कहा जा रहा था कि लोकप्रिय चेहरे की कमी भी एक वजह हो सकती है, जिसके चलते बसपा को लोकसभा चुनाव में झटका लगा।



# भारतीय रिकर्व तीरंदाजों ने जीते दो कांस्य पदक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तीरंदाजों ने पेरिस ओलंपिक से पहले शानदार प्रदर्शन करते हुए तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में दो कांस्य पदक और जीते। भारत के लिए धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की मिक्स्ड रिकर्व टीम ने मैक्सिको को हराकर कांस्य पदक जीता। भारत ने इस तरह इस टूर्नामेंट में अपने अभियान का समापन चार पदक के साथ किया।

भारत के लिए इससे पहले शनिवार को ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जबकि प्रियांश ने रजत पदक जीता था।

### भारतीय मिक्स्ड जोड़ी ने वापसी कर जीता पदक

मिक्स्ड डबल्स में तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी, लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। धीरज ने इसके बाद व्यक्तिगत वर्ग के क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रहने के बाद देश को एक और पदक दिलाया। उन्होंने इटली के नौवें वरीय मार्को नेस्पोली को 7-3 (28-27, 29-28, 27-28, 28-28, 30-29) से हराया। यह विश्व कप में उनका दूसरा कांस्य पदक है। उन्होंने पिछले साल इसी स्थान पर प्रतियोगिता के शुरुआती चरण में अपना पहला पदक जीता था।

धीरज इससे पहले सेमीफाइनल में दुनिया के तीसरे नंबर के पूर्व ओलंपिक टीम पदक विजेता दक्षिण कोरिया के किम वूजिन से हार गए थे। सेना के इस जवान को अंतिम चार मैच में 2-6 (29-29, 27-30, 29-29, 27-29) से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### अंकिता भकत पदक से चूकीं

भारत के पास एक और पदक जीतने का मौका था, लेकिन अंकिता भकत महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की यांग शियाओली से मामूली अंतर से हार गईं। यांग ने फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता लेकिन अंकिता कांस्य पदक के मैच में भी हार गईं।

इंडिया वर्सेस साऊथ अफ्रीका

# स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास

- शतक की हैट्रिक लगाने से चूकी
- 3 मैचों में बनाए 343 रन



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में साऊथ अफ्रीका महिला टीम के खिलाफ तीसरे वनडे में लगातार तीसरा शतक लगाने से चूक गई। स्मृति ने सीरीज के पहले दो मैचों में 117 और 136 रन बनाए थे। रविवार को तीसरे वनडे में 216 रनों का पीछा करते हुए स्मृति ने अपनी टीम को मजबूत शुरूआत दी। वह 31वें ओवर में 90 रन बनाकर आऊट हुई और अपने शतक से चूक गईं। स्मृति ने 83 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से यह रन बनाए। तीन वनडे मैचों की सीरीज में इसी के साथ स्मृति के 343 रन हो गए हैं। वह 3 मैचों की वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर भी बन गई हैं।

### पहले ही मिताली का रिकॉर्ड कर चुकी हैं बराबर

स्मृति मंधाना ने इस सीरीज में दो शतक लगाए जिसके चलते उन्होंने अपने वनडे करियर में 7 शतक पूरे किए। भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले मिताली राज के नाम पर था। अब इसे स्मृति ने बराबर कर लिया है। महिला वनडे में सबसे ज्यादा 15 शतक लगाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की मेग लेनिंग के नाम पर हैं जिन्होंने 103 मैचों में ही 15 शतक लगाए हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के नाम 13 शतक हैं। इंगलैंड की नेट साइवर ब्रंट, श्रीलंका की अथापथ्थु, इंगलैंड की टिम ब्यूमोंट और एडवर्ड 9-9 शतक लगा चुकी हैं। अब स्मृति से आगे इंगलैंड की एस टेलर, न्यूजीलैंड की सोफिया डिवाइन, ऑस्ट्रेलिया की के रॉल्टन हैं जोकि 8-8 शतक लगा चुकी हैं।

### ऐसा रहा तीसरा वनडे

दक्षिण अफ्रीका को ओपनर लौरा वोल्वार्ड्ट और तजमिन ब्रिट्स ने मजबूत शुरूआत दी। दोनों ने 20 ओवर के अंदर ही स्कोर 102 रन पर ला खड़ा किया। वोल्वार्ड्ट 57 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 61 तो तजिमन 38 रन बनाकर आऊट हुईं। मध्यक्रम में नादिन डी क्लार्क ने 26, शंगासे ने 16 तो मिके डी रिडर ने 26 रन बनाकर स्कोर 215 तक पहुंचाया। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना के कारण मजबूत शुरूआत की। स्मृति ने 83 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 90 तो कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 48 गेंदों पर 42 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी।

इंग्लैंड वर्सेस यूएसए

# इंग्लैंड टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में



**बारबाडोस, एजेंसी।** टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 के सुपर 8 चरण में इंग्लैंड की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन गई है। इंग्लैंड ने बारबाडोस के मैदान पर यूएसए को 10 विकेट से हराकर यह उपलब्धि अपने नाम की। इंग्लैंड को ग्रुप चरण में भी मुसीबत का सामना करना पड़ा था। लेकिन अच्छी किस्मत से वह सुपर 8 में क्वालिफाई हो गए थे। लेकिन सुपर 8 में वह गजब का प्रदर्शन कर रहे हैं। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने सुपर 8 में अपने दूसरे मुकाबले में यूएसए को महज 115 रन पर ही ढेर कर दिया था। जवाब में इंग्लैंड की ओर से कप्तान जोस बटलर बल्ले से मुखर रहे। उन्होंने एक ही ओवर में पांच छक्के भी लगाए और 83 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

जोस बटलर ने 1 ओवर में जड़े 5 छक्के



- यूएसए के लिए स्टीवन टेलर और गौंस ओपनिंग पर आए। लेकिन पहली ही ओवर में गौंस 8 रन बनाकर आऊट हो गए। तभी स्टीवन टेलर और नितिश कुमार स्कोर को 43 रन तक ले गए। स्टीवन 12 रन बनाकर सैम कुरैन का शिकार हो गए। इसके बाद यूएसए के कप्तान आरोन जोंस महज 10 रन बनाकर आदिल राशिद की गेंद पर बोल्ड हो गए।

- यूएसए ने जब 56 रन पर तीन विकेट गंवा लिए थे तो आदिल राशिद ने उन्हें एक और झटका दिया। उन्होंने जमे हुए बल्लेबाज नितिश कुमार (30) को पवेलियन की राह दिखा दी। जिससे यूएसए का बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया। मध्यक्रम में हरमीत सिंह ने जरूर 17 गेंदों पर 2 चौके और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए लेकिन बाकी बल्लेबाजी फेल हो गए।

### पैट कमिंस के बाद क्रिस जॉर्डन का कमाल, टी20 वर्ल्ड कप में रचा इतिहास

यूएसए के लिए 19वां ओवर बेहद खरतनाक रहा। गेंद इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस जॉर्डन के हाथों में थी। जॉर्डन ने पहली ही गेंद पर कोरी एंडरसन को पवेलियन की राह दिखाई जोकि 28 गेंदों पर 29 रन बनाने में सफल रहे थे। इसके बाद जॉर्डन ने तीसरी, चौथी और 5वीं गेंदों पर लगातार विकेट लिए। उन्होंने हैट्रिक पूरी की और यूएसए को 115 रनों पर ही रोक दिया। जॉर्डन इंग्लैंड की ओर से टी20 इंटरनेशनल में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज हैं।

### एशियन चैंपियनशिप में रोहतक की मुस्कान व दिपांशी ने अंडर-17 मुकाबलों में जीता स्वर्ण, परिवार में जश्न



**रोहतक, एजेंसी।** दोनों पहलवानों के शानदार प्रदर्शन से अखाड़े की सभी पहलवानों को प्रेरणा मिलती है। स्वर्ण पदक जीतने पर पहलवानों के परिवार व अखाड़े में खुशी का माहौल है। मंगलवार को घर लौटने पर दोनों पहलवानों का जोरदार स्वागत किया जाएगा। एशियन चैंपियनशिप में पहले अंडर-17 व बाद में अंडर-19 के मुकाबले होंगे।

ये चैंपियनशिप जार्डन में 22 से 30 जून तक हो रही है। कोच मंदीप ने बताया कि जार्डन में आयोजित कुश्ती एशियन चैंपियनशिप में गांव रिठाल निवासी दीपांशी 46 किलोग्राम भार वर्ग व गांव अस्थल बोहर निवासी मुस्कान 53 किलोग्राम भार वर्ग में दोनों पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दोनों पहलवानों के शानदार प्रदर्शन से अखाड़े की सभी पहलवानों को प्रेरणा मिलती है। स्वर्ण पदक जीतने पर पहलवानों के परिवार व अखाड़े में खुशी का माहौल है। मंगलवार को घर लौटने पर दोनों पहलवानों का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

# साउथ अफ्रीका 10 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंचा

**नॉर्थ साउंड, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका ने 24 जून की सुबह (भारतीय समयानुसार) वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वेस्टइंडीज बनाम साउथ अफ्रीका का यह एंटिगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम पर खेला गया। यह मैच बारिश से प्रभावित रहा। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीता और गेंदबाजी का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 135 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की पारी 2 ओवर ही हुए थे कि बारिश आ गई। उस समय साउथ अफ्रीका का स्कोर 2 विकेट पर 15 रन था। बारिश बंद होने के बाद जब दोबारा खेल शुरू हुआ तो ओवर में कटौती के कारण साउथ अफ्रीका को डकवर्थ लुईस पद्धति के आधार पर जीत के लिए 17 ओवर में 123 रन का लक्ष्य मिला। पावरप्ले 5 ओवर का कर दिया गया। साउथ अफ्रीका ने यह लक्ष्य 16.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाकर हासिल किया।




### साउथ अफ्रीका की टी20 विश्व कप 2024 में लगातार 7वीं जीत

दक्षिण अफ्रीका ने इस जीत के साथ ही 10 साल बाद टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले उसने 2014 के संस्करण में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। साउथ अफ्रीका की इस संस्करण यह लगातार 7वीं जीत है। उसने इस जीत के साथ ही श्रीलंका का 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

श्रीलंका ने टी20 विश्व कप 2009 में लगातार 6 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाया था। इसके बाद 2010 में ऑस्ट्रेलिया ने उसके इस रिकॉर्ड की बराबरी की।

### मेजबान कभी नहीं बन पाया टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन

दक्षिण अफ्रीका से मैच हारने के बाद के बाद सह मेजबान वेस्टइंडीज आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गया। दूसरा सह मेजबान अमेरिका पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है। दोनों सह मेजबानों के बाहर होने के साथ ही टी20 विश्व कप से जुड़ा एक मिथक कायम रहा।

# ऑस्ट्रेलिया ने हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

**लुसाने, एजेंसी।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच में बेल्जियम के खिलाफ ग्रेट ब्रिटेन की हार के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने बेल्जियम और नीदरलैंड में आयोजित होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2023/24 सीज़न की शुरुआत में, इस आयोजन में एक नया प्रोत्साहन जोड़ा गया, जिसमें खिताब विजेता आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए सीधे योग्यता अर्जित करेंगे। नियमों के अनुसार, बेल्जियम या नीदरलैंड पुरुष या महिला दोनों में से किसी एक का खिताब जीतते हैं, तो उनके पीछे सर्वोच्च स्थान पर रहने वाली टीम को सीधे प्रवेश मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया, जो वर्तमान में 34 अंकों के साथ पुरुष तालिका में पहले स्थान पर है, पहले ही अपने 16 मैच पूरे कर चुका है। ग्रेट ब्रिटेन के आज अंक



गिरने से, अब वे अधिकतम 31 अंक प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वे खिताब की दौड़ से बाहर हो गए हैं। जबकि नीदरलैंड, अपने सीज़न में 4 मैच शेष रहते हुए, वर्तमान में 26 अंकों पर है, खिताब की तलाश में बना हुआ है।

ऑस्ट्रेलिया को अब खिताब विजेता के रूप में या नीदरलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहने की गारंटी है, दोनों उदाहरणों से उन्हें एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2026 में स्थान की गारंटी मिलती है। महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 सीज़न में, डच महिला टीम ने कल शाम जर्मनी पर जीत के साथ खिताब हासिल किया। अर्जेंटीना वर्तमान में 34 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है, लेकिन जर्मनी, 28 अंकों के साथ, आने वाले दिनों में उस कुल अंक को पीछे छोड़ सकता है, क्योंकि इस सीज़न में अभी 3 मैच खेले जाने बाकी हैं.

# पीटी उषा ने किया भारत ओलंपिक अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र का उद्घाटन



**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात के गांधीनगर जिले में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) में रविवार को भारत ओलंपिक अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया गया।

इस मौके पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और प्रसिद्ध धाविका पीटी उषा ने कहा कि यह भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में ज्ञान, नवाचार और प्रदर्शन के केंद्र के रूप में काम करेगा। उन्होंने आरआरयू परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस तरह के केंद्र का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह खेल और ओलंपिक में उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता की ओर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। उषा ने कहा कि यह केंद्र ज्ञान के भंडार के रूप में काम करेगा, जिसमें ओलंपिक से जुड़े डेटा, प्रशिक्षण पद्धतियों, खेल विज्ञान और खिलाड़ियों के विकास से जुड़ी जानकारी होगी।

उषा ने कहा, हम एक साथ काम करने के साथ ज्ञान साझा करके और नवाचार को अपनाकर मजबूत खेल संस्कृति बना सकते हैं। यह जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक प्रतिभाओं को पोषित करेगी।

# भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अकुला ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने से होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया।

श्रीजा डब्ल्यूटीटी कंटेंडर में सिंगल्स वर्ग का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुकी श्रीजा ने फाइनल में चीन की डिंग यिजी को 4-1 से हराया। श्रीजा ने इस टूर्नामेंट में कुल दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। महिला सिंगल्स फाइनल में अकुला की शुरुआत थोड़ी खराब रही और वह अपनी चीनी प्रतिद्वंद्वी को पहला गेम 10-12 से गंवा बैठीं। लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए अगले चार गेम 11-9, 11-6, 11-8, 11-6 से जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। इस तरह भारत ने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ अपना अभियान खत्म किया।

### महिला डबल्स में भी जीता स्वर्ण

श्रीजा ने अर्चना कामथ के साथ मिलकर महिला डबल्स वर्ग में हमवतन दीया चिताले और यशस्विनी घोरपड़े को 3-0 (11-9, 11-6, 12-10) से हराकर दूसरा स्वर्ण भी जीता।

भारत ने पुरुष डबल्स वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीता। हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की जोड़ी ने अजीज सोलंके और ओलाजिदे ओमोटायो को 3-0 (11-811-9, 11-8) से हराया।



## संक्षिप्त समाचार

### ईरान समर्थित हजारों लड़ाके इजराइल के खिलाफ लड़ाई में हिज्बुल्ला में शामिल होने को बेताब



**बेरूत, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में ईरान समर्थित समूहों के हजारों लड़ाकों ने इजराइल के खिलाफ लड़ाई के लिए चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला में शामिल होने की पेशकश की है। ईरान समर्थित गुटों के अधिकारियों और पर्यवेक्षकों ने यह जानकारी दी। लड़ाकों का कहना है कि वे हिज्बुल्ला का साथ देने के लिए लेबनान आने को तैयार हैं। अक्टूबर की शुरुआत में हमास नियंत्रित गाजा पट्टी के लड़ाकों द्वारा दक्षिणी इजराइल पर हिंसक हमला करने के बाद से उत्तरी इजराइल के साथ लगी लेबनान की सीमा पर लगभग रोजाना गोलीबारी हो रही है। इस महीने उत्तरी क्षेत्र में स्थिति तब और खराब हो गई जब दक्षिणी लेबनान में इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्ला के एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर की मौत हो गई। हिज्बुल्ला ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उत्तरी इजराइल में सैकड़ों रॉकेट दागे थे। पिछले दशक के दौरान लेबनान, इराक, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ईरान समर्थित लड़ाकों ने सीरिया के 13 साल के संघर्ष में एक साथ लड़ाई लड़ी है। ईरान समर्थित समूहों के अधिकारियों का कहना है कि वे इजराइल के खिलाफ फिर से एकजुट हो सकते हैं। ईरान समर्थित लेबनानी और इराकी समूहों के अधिकारियों का कहना है कि यदि लेबनान-इजराइल सीमा पर युद्ध छिड़ता है तो पूरे क्षेत्र से ईरान समर्थित लड़ाके इसमें शामिल हो जाएंगे।

### टेक्सास के स्टोर में डकैती के दौरान भारतीय नागरिक की गोली मारकर हत्या, आठ महीने पहले ही आया था अमेरिका

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में टेक्सास के एक स्टोर में डकैती के दौरान एक 32 वर्षीय भारतीय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस यानी की 21 जून को प्लेजेंट ग्रोव, डलास के गैस स्टेशन सुविधा स्टोर पर घटी। महावाणिज्य दूत डीसी मंजूनाथ ने इस घटना की पुष्टि की। मृतक की पहचान दसारी गोपीकृष्ण के तौर पर की गई है, जो आंध्र प्रदेश का रहने वाला था। वह आठ महीने पहले ही अमेरिका आया था। गोपीकृष्ण के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मंजूनाथ ने कहा, भारतीय नागरिक दसारी गोपीकृष्ण के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। प्लेजेंट ग्रोव में एक डकैती के दौरान उन्हें गोली मार दी गई थी। हम उनके स्थानीय परिवार के सदस्यों के संपर्क में हैं। वाणिज्य दूतावास, भारतीय संघों के साथ मिलकर शव परीक्षण और मृत्यु प्रमाणपत्र सहित स्थानीय औपचारिकताओं के बाद शव को भारत वापस लाने के लिए हर संभव मदद कर रहा है। डकैती के दौरान गोपीकृष्ण गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गोपीकृष्ण अपनी पत्नी और बेटे के साथ रहता था। टेक्सास में हुए इस घटना ने डलास में रहने वाले हिंदू समुदाय को बहुत ज्यादा प्रभावित किया।

### इराक में हवाई हमलों में सात आईएस आतंकवादी मारे गए



**बगदाद, एजेंसी।** इराकी सेना ने दावा किया है कि बगदाद के उत्तर में सलाहुद्दीन प्रांत में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के ठिकानों पर किए गए दो हवाई हमलों में सात आतंकवादी मारे गए हैं। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार, इराकी लड़ाकू विमानों ने खुफिया रिपोर्टों के आधार पर प्रांत के उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक पहाड़ी इलाके में आईएस के ठिकानों और उनके द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक सुरंग पर दो हवाई हमले किए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमलों में एक प्रमुख व्यक्ति सहित सात आईएस आतंकवादी मारे गए। बयान में हमलों के समय के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। वर्ष 2017 में आईएस की हार के बाद से इराक में सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है। हालांकि, आईएस के बचे हुए लोग शहरी केंद्रों, रेगिस्तानों और बीहड़ इलाकों में घुस आए हैं और सुरक्षा बलों तथा नागरिकों के खिलाफ लगातार छापामार हमले कर रहे हैं।

# दागेस्तान-माखचकाला में आतंकी हमला; 15 पुलिसकर्मियों समेत कई नागरिकों की मौत, छह हमलावर भी ढेर

**दागेस्तान, एजेंसी।** रूस के दक्षिणी प्रांत-दागेस्तान में ईसाईयों और यहूदियों के धर्मस्थल (सिनेगॉग) पर अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी किए जाने की खबर है। गोलीबारी दागेस्तान के डर्बेंट शहर में हुई है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने एपी के हवाले से बताया कि दागेस्तान के गवर्नर ने बताया कि बंदूकधारियों के हमलों में 15 से अधिक पुलिसकर्मियों और कई नागरिकों की हत्या कर दी गई है।वहीं, सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई में छह आतंकियों को मार गिराया है। हमले में 20 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर है।

**इन जगहों पर हुआ हमला :** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूस के दागेस्तान में रविवार को आतंकियों ने दो चर्च, एक सिनेगॉग (यहूदी मंदिर) और एक पुलिस पोस्ट पर हमला किया। क्षेत्र में सोमवार, मंगलवार और बुधवार को शोक दिवस मनाया जाएगा। दागेस्तान के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि हथियारबंद लोगों के एक समूह ने कैस्पियन सागर पर स्थित डर्बेंट शहर में एक सिनेगॉग और एक चर्च पर गोलीबारी की। इससे दोनों जगह आग लग गई। लगभग उसी समय, माखचकाला में एक चर्च और एक यातायात पुलिस चौकी पर हमले की खबरें सामने आईं।

**इतने हमलावर मार गिराए :** अधिकारियों ने क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया और पांच हमलावरों को मार गिराया। हालांकि,



गवर्नर का कहना है कि छह बंदूकधारियों को मार गिराया है। फिलहाल, इसकी स्पष्ट पुष्टि नहीं हो सकी है।

**सुरक्षाबलों ने हमलावरों को मार गिराया :** हमलों की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। अधिकारियों ने एक आतंकवादी अधिनियम के आरोप में एक आपराधिक जांच शुरू की। इससे पहले देर रात आई विदेशी मीडिया की शुरुआती खबर में इसे आतंकी हमला बताया गया। फायरिंग में चर्च के पादरी और पुलिसकर्मी समेत सात लोगों की मौत की खबर आई थी। अब मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 15 हो चुका है। वहीं, हमलावरों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के दौरान रूस के सुरक्षाबलों ने कई हमलावरों को मार गिराया। एक को हिरासत में लिया रूस की सरकारी समाचार एजेंसी ज्ञड्डह्यह्य ने कानून प्रवर्तन सूत्रों के हवाले से बताया कि दागेस्तानी के एक अधिकारी को हमलों में उनके बेटों की संलिप्तता को लेकर हिरासत में लिया गया है। मेलिकोव ने कहा कि क्षेत्र में स्थिति कानून प्रवर्तन और स्थानीय अधिकारियों के नियंत्रण में है। उन्होंने कसम खाई कि हमलों की जांच तब तक जारी रहेगी जब तक कि आतंकवादियों का पता नहीं चल जाता। उन्होंने बिना सबूत दिए दावा किया कि हमलों की तैयारी विदेश से की गई हो सकती है। छह अधिकारियों और पादरी की मौत इससे पहले हमले के बारे में दागेस्तान लोक निगरानी आयोग के शमील खदुलेव ने बताया था कि चर्च पर हमले में पादरी और छह अधिकारियों की मौत हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक डेरबेंट के चर्च में मारे गए पादरी की पहचान 66 वर्षीय फादर निकोले के रूप में हुई है। आतंकियों ने गला रेतकर इनकी नृशंस हत्या कर दी। चर्च की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी की हत्या गोलीमार की गई। गार्ड के पास केवल एक पिस्तौल थी। माखचकाला शहर में पुलिस यातायात स्टॉप पर आतंकी हमला खबर के मुताबिक आतंकी हमले के बाद यहूदियों के धर्मस्थल की एक मंजिल पर बनी खिड़कियों से आग की बड़ी-बड़ी लपटें निकलती देखी गईं। धुएं का गुबार भी देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को तीन जगहों पर हमले किए गए। माखचकाला शहर में पुलिस यातायात स्टॉप पर हमले की खबरें मिली हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमलों में 12 कानून प्रवर्तन अधिकारी घायल भी हुए हैं। डर्बेंट शहर में हमले के समय ही माखचकाला में भी हमला हुआ अधिकारियों के मुताबिक तीनों जगहों पर हमले के तरीके और समय को देखते हुए ऐसा लगता है कि हमलावरों ने संगठित तरीके से हमले किए। जिस समय डर्बेंट शहर में हमला हुआ उसी समय यहां से करीब 120 किलोमीटर दूर माखचकाला में पुलिस यातायात चौकी पर भी गोलीबारी की गई। इस हमले में एक पुलिसकर्मी के घायल होने की भी खबर है।

## फ्रांस में फिर से हिंसा, नौ लोगों की मौत; कई इमारतें आग के हवाले की गईं, कई इलाकों में तनाव

**नौमिया, एजेंसी।** फ्रांस के न्यू कैलेडोनिया में हिंसा के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। बताया जा रहा है कि रात भर में एक पुलिस स्टेशन और एक टाउन हॉल सहित कई इमारतों में आग लगा दी गई। फ्रांसीसी प्रशांत क्षेत्र में अशांति के बीच अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा की वजह से मेनलैंड, पिंस और मारे द्वीप पर तनाव का माहौल है। यहां आगजनी और सड़कों को ब्लॉक कर दिया गया। पुलिस को भी निशाना बनाया गया।

**हिंसा की वजह क्या :** दरअसल, न्यू कैलेडोनिया में मई के मध्य में एक चुनावी सुधार योजना को अमली जामा पहनाने की तैयारी की गई। इसके बाद से यहां दंगे और लूटपाट शुरू हो गई। नई योजना से स्थानीय कनक लोगों के मन में यह डर बैठ गया कि वे स्थायी रूप से अल्पसंख्यक बन जाएंगे और उनकी स्वतंत्रता की उम्मीदें पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

**अब तक कितना नुकसान :** इस तनाव में नौ लोग मारे गए हैं। 1.5 बिलियन यूरो (1.6 बिलियन डॉलर) से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। राजधानी नौमिया के उत्तर में डुम्बिया में, पुलिस स्टेशन और एक गैरेज को आग लगा दी गई। इस दौरान चार बख्तरबंद वाहनों ने हालात पर काबू पाने की कोशिश की और काफी मशक्कत के बाद हालात को सामान्य किया। इसके अलावा नौमिया के ड्यूकोस और मैजेंटा जिलों में भी आगनजी की घटनाएं हुईं। पुलिस स्टेशन के परिसर, उनके वाहनों के साथ निजी वाहनों को भी जला कर राख कर दिया गया। वहीं, बौरेल में पुलिस और अलगाववादियों के बीच झड़प की खबर सामने आई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया।, एएफपी ने बताया।

**फ्रांस सरकार ने क्या किया :** तनाव के बाद से फ्रांस सरकार ने पेरिस से लगभग 17,000 किलोमीटर (10,600 मील) दूर इस क्षेत्र में 3,000 से अधिक सैनिकों और पुलिस की तैनाती की है। तनाव वाले इलाकों में स्कूल-कॉलेजों को बंद रखने का आदेश दिया गया है। इससे पहले शनिवार को पिछले महीने हुए दंगों की साजिश रचने के आरोपी समूह से जुड़े सात लोगों पर अभियोग लगाया गया और उन्हें हिरासत के लिए मेनलैंड, फ्रांस भेज दिया गया।

## नेतन्याहू ने कहा, गाजा में भीषण लड़ाई जल्द खत्म होगी

**यरूशलेम , एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास के खिलाफ गाजा में भीषण लड़ाई जल्द खत्म होने वाली है। इजरायली चैनल 14 टीवी न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि रफा में युद्ध समाप्त होने वाला है। साथ ही उन्होंने कहा, पूरी गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त होने के बहुत करीब है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि नेतन्याहू ने साथ ही ये भी कहा है कि इसका मतलब ये नहीं है कि गाजा पट्टी में चल रहे हमास के साथ संघर्ष का अंत हो जाएगा। हमास के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। नेतन्याहू ने लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के खिलाफ युद्ध शुरू करने की इजरायल की चेतावनियों का जिक्र करते हुए कहा, गाजा में युद्ध समाप्त होने के बाद, हम उत्तर की ओर बढ़ना जारी रखेंगे।

उन्होंने कहा कि इजरायल-लेबनान सीमा पर युद्ध विराम सुनिश्चित करने के लिए कोई भी समझौता हमारी शर्तों पर होगा। इजरायल के उत्तर में हिजबुल्लाह-इजरायल के बीच 7 अक्टूबर, 2023 से गोलीबारी चल रही है। उन्होंने कहा कि वह केवल इस समझौते पर सहमत होंगे कि गाजा पट्टी में हमास को पूरी तरह से सत्ता से हटा दिया जाएगा और लगभग 100 बंधकों को रिहा किया जाएगा, जो अभी भी गाजा में कैद में हैं।

# लाल सागर में हूतियों का आतंक जारी, व्यापारिक जहाज को बनाया निशाना; हिंद महासागर में भी किया हमला

**सना, एजेंसी।** यमन के पास रविवार को लाल सागर में एक ड्रोन हमले में एक व्यापारिक जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। दो समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की। बता दें कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग पर हमले की घोषणा की है। यमन के हूती पिछले कुछ महीनों से ही लाल सागर में जहाजों पर निशाना बनाकर हमले कर रहा है। उनका कहना है कि वह यह हमला गाजा पट्टी में जारी इस्राइल हमास संघर्ष में फलस्तीनियों के समर्थन में कर रहे हैं। रविवार को हूतियों ने लाल सागर और हिंद महासागर में एक-एक जहाज को निशाना बनाया था।

लाल सागर में हूतियों का हमला ब्रिटेन मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने बताया कि ताजा हमला यमनी के होदेदा शहर से 120 किमी पश्चिम की तरफ किया गया है। एजेंसी ने बताया कि व्यापारिक जहाज के मास्टर ने अनक्रूड एरियल सिस्टम (यूएएस) की चपेट में आने की रिपोर्ट दी, जिसमें जहाज को नुकसान पहुंचा। उन्होंने आगे कहा, जहाज अपने अगले बंदरगाह की तरफ बढ़ रहा है। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारी हमले की जांच कर रहे हैं।



ब्रिटिश समुद्री सुरक्षा फर्म एंब्रे ने बताया कि ग्रीस के जहाज में लाइबेरिया का झंडा लगा था। संयुक्त समुद्री सूचना केंद्र (जेएमआईसी) इस क्षेत्र में पश्चिमी नेतृत्व वाली नौसैनिक टास्क फोर्स के साथ काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि जहाज को दूसरी बार निशाना बनाया गया है।

यूकेएमटीओ ने बताया कि रविवार को उन्हें एक दूसरे जहाज से संकटपूर्ण कॉल प्राप्त हुआ। दरअसल, यमन के दक्षिण-पूर्वी तट पर जहाज को बाढ़ का सामना करना पड़ा था। चालक दल को जहाज छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था। हालांकि, यूकेएमटीओ ने अभी तक घटना के कारणों की पुष्टि नहीं की।

हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने रविवार को एक बयान जारी कर बताया कि विद्रोहियों ने दो जहाजों पर एक लाल सागर और दूसरा हिंद महासागर में निशाना बनाया था। शनिवार को अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने हूती ठिकनों के खिलाफ जवाबी हमले किए। उन्होंने पिछले 24 घंटों में हूती से संबंधित तीन समुद्री ड्रोन को नष्ट कर दिया।

# रूस के दागेस्तान में धार्मिक स्थलों पर हमला, पादरी व सात सुरक्षाकर्मियों की मौत

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के दागेस्तान क्षेत्र में रविवार को दो ऑर्थोडॉक्स चर्च, एक आराधनालय और एक यातायात पुलिस स्टेशन पर हमला किया गया। हमले में एक पादरी और सात सुरक्षाकर्मी मारे गए। आरटी की रिपोर्ट में बताया गया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो हमलावर भी ढेर हो गए। हमले क्षेत्रीय राजधानी माखचकाला और डर्बेंट शहर में हुए। रिपोर्ट में कहा गया कि अज्ञात हमलावरों ने माखचकाला में धार्मिक इमारतों पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की और फिर एक वाहन में बैठकर भाग गए।

माखचकाला के केंद्र में एक यातायात पुलिस स्टेशन पर भी हमला किया गया। हमले कई पुलिसकर्मी मारे गए। डर्बेंट में भी पुलिसकर्मियों के मारे जाने की खबर है। डर्बेंट में चर्च पर हुए



हमले में 66 वर्षीय ऑर्थोडॉक्स पादरी की मौत हो गई। इससे पहले, एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने दावा किया था कि हमलावरों ने पादरी का गला रेत दिया था। डर्बेंट में पुलिस अधिकारियों पर हमले का वीडियो बनाया गया और इसे सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। क्लिप में गोलियों की आवाज़ सुनी जा सकती है, साथ ही सड़क पर पुलिस की गाड़ियां खड़ी दिखाई दे रही हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सेंट्रल डर्बेंट में अभी भी गोलियों की आवाज़ सुनी जा सकती है। ऑर्थोडॉक्स चर्च के पास पुलिस व हमलावरों के बीच गोलीबारी जारी है।

स्थानीय मुस्लिम नेताओं ने हमलों की निंदा की है। उत्तरी काकेशस मुस्लिम समन्वय परिषद के प्रमुख ने हमलावरों को क्रूर और घृणित जानवर कहा, जबकि चेचन गणराज्य के प्रमुख रमजान कादिरोव ने हमलों को उकसाने वाली कार्रवाई करार देते हुए इसे धर्मों के बीच मतभेद पैदा करने का प्रयास बताया।

## सऊदी अरब में इस साल 1,301 हाजियों की मौत



**रियाद , एजेंसी।** सऊदी अरब ने घोषणा की है कि इस साल हज सीजन के दौरान 1,301 तीर्थयात्रियों की मौत हुई, जिनमें से 83 प्रतिशत अपंजीकृत थे। सऊदी प्रेस एजेंसी ने स्वास्थ्य मंत्री फहद अल-जलाजेल के हवाले से बताया कि हीट स्ट्रेस के अनेक मामले सामने आये हैं। उनमें कुछ लोग अब भी इलाजरत हैं। मंत्री ने रविवार को कहा, मृतकों में कई बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति शामिल हैं। उन्होंने संकेत दिया कि गर्मी से अपंजीकृत तीर्थयात्रियों को सबसे अधिक परेशानी हुई क्योंकि वे बिना किसी आश्रय या आराम के सीधे धूप में लंबी दूरी तक चले थे। सभी पीड़ितों की पहचान कर ली गई है और उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है। मंत्री ने कहा कि पहचान, दफनाने और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए उचित प्रक्रियाओं का पालन किया गया। अल-जलाजेल ने उच्च तापमान का सामना करने वाले तीर्थयात्रियों के बीच हीट स्ट्रेस के बारे में जागरूकता और तैयारी बढ़ाने के लिए सक्षम अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। समाचार एजेंसी ने शिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने घोषणा की कि हज सीजन के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधन सफल रहा और महामारी या व्यापक बीमारियों का कोई प्रकोप दर्ज नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि आपातकालीन देखभाल और सर्जरी से लेकर डायलिसिस तक 4,65,000 से अधिक हाजियों को विशेष इलाज प्रदान किये गये। इनमें 1,41,000 अपंजीकृत लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने हज करने के लिए आधिकारिक प्राधिकरण प्राप्त नहीं किया था।

# बाइडन-ट्रंप के बीच गुरुवार को होगी पहली राष्ट्रपति बहस

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होना है। अमेरिकी चुनाव 2024 भी 2020 की तर्ज पर बाइडन बनाम ट्रंप लड़ा जाएगा, इसकी संभावना काफी अधिक है। देश की जनता जो बाइडन को अपना कीमती वोट देकर लगातार दूसरी बार राष्ट्रपति बनाएगी या फिर इस बार डोनाल्ड ट्रंप को चुनेगी, यह सब कई अहम मुद्दों पर निर्भर करेगा। इस बार के अहम मुद्दों में गर्भपात, सीमा सुरक्षा, गाजा युद्ध और गन कल्चर है। माना जा रहा है कि अमेरिका में पिछली बार हुए मध्यावधि चुनाव की तरह इस बार भी गर्भपात का मुद्दा छाया रहेगा। गुरुवार को बाइडन और ट्रंप के बीच होने वाली बहस में यह मुद्दा प्रमुखता से उठेगा। रिपब्लिकन पर मतदाताओं को अलग-थलग नहीं करने का दबाव होगा।

**यह है मामला :** दरअसल, 24 जून 2022 को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात के अधिकार को मिली संवैधानिक सुरक्षा खत्म कर दी थी। अदालत ने 49 साल पुराने रो वी वेड केस में दिए गए फैसले को पलट दिया था। वहीं, कुछ राज्यों ने उसी दिन से गर्भपता पर प्रतिबंध लगा दिया, जिससे क्लीनीकों को जल्दबाजी में बंद करने पर मजबूर होना पड़ा।

**इस पार्टी को मिल रहा इसका फायदा :** गर्भपात के अधिकार को गैरसंवैधानिक करार देने के बाद अमेरिकी महिलाएं रिपब्लिकन पार्टी से नाराज चल रही हैं। यही वजह है कि डेमोक्रेट इसका फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, रिपब्लिकन इससे बचने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले चुनाव में गर्भपात का मुद्दा टॉप-10 में भी नहीं था मगर इस बार ये सबसे पहले नंबर पर है।

**दो भागों में बंटा देश :** पहले से ही राजनीतिक रूप से प्रभावित देश अब दो भागों में बंट गया है। एक तो वे राज्य जिन्होंने गर्भपात पर



प्रतिबंध लगा दिया है या इस तक पहुंच को काफी सीमित कर दिया है। दूसरे वे राज्य, जिन्होंने गर्भपात कराने के महिला के अधिकार के लिए नए संरक्षण उपाय अपनाए हैं। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से पूरे देश में राजनीतिक हलचल मच गई तथा इसके दुष्परिणाम भी हुए। इस निर्णय के बाद से कंजर्वेटिव गर्भपात तक पहुंच के मुद्दे पर लगभग हर जनमत संग्रह या मतदान हार चुका है। इनमें से कुछ हार उन राज्यों में हुई जो हाल ही में पूरी तरह दक्षिणपंथी हो गए हैं, जैसे कि ओहियो, अलबामा और कंसास। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय डेविस लॉ स्कूल की प्रोफेसर मैरी जिग्लर ने कहा, रो के फैसला पलटने के बाद से गर्भपात अधिकार को लेकर आंदोलन चलाया जा रहा है। गर्भपात अधिकार आंदोलन ने पाया कि अमेरिकियों को गर्भपात के अधिकारों के बारे में अधिक परवाह है, जितना कि अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया, वोट पाने के लिए डेमोक्रेट्स इस मौके का पूरा फायदा उठा रहे हैं। उन्हें महिलाओं और युवा मतदाताओं से महत्वपूर्ण समर्थन मिलने की उम्मीद है। उपराष्ट्रपति भी उतरीं समर्थकों को एकजुट करने बाइडन एक कैथोलिक हैं। वह लंबे समय से इस मुद्दे को लेकर परेशान थे। अब वे गर्भपात के अधिकारों के समर्थक बन गए हैं और उन्होंने इसे अपने पुनर्निर्वाचन अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया है तथा कई परिवार नियोजन संगठनों का समर्थन भी प्राप्त किया है। वहीं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अपनी पार्टी के समर्थकों को एकजुट करने के लिए महीनों तक देश भर में घूमी हैं। 59 वर्षीय हैरिस मार्च में मिनेसोटा में गर्भपात करने वाले क्लिनिक का दौरा करने वाली पहली उपराष्ट्रपति बनीं। सोमवार को वह एरिजोना में एक कार्यक्रम करेंगी। बता दें, नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में एरिजोना एक महत्वपूर्ण युद्धक्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। यहां सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद गर्भपात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। डेमोक्रेटिक गवर्नर केटी हॉब्स ने बाद में 1864 के कानून को निरस्त करने पर हस्ताक्षर किए थे।

रोगी को समय पर उपचार सहायता मिल जाए तो उसके प्राणों का संकट दूर हो जाता है। मध्यप्रदेश सरकार ने आयुष्मान कार्डधारी रोगियों तथा दुर्घटना एवं प्राकृतिक आपदा में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को पीएम श्री एयर एंबुलेंस की निश्शुल्क सुविधा दी है।




## पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ पात्र रोगियों को दें : कलेक्टर

**एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ देने की समयबद्ध प्रक्रिया तय करें**



रीवा

कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि आयुष्मान कार्डधारी रोगी तथा गंभीर रोगियों को आवश्यक होने पर एयर एंबुलेंस की सुविधा दें। इसके लिए जिला स्तर पर समयबद्ध प्रक्रिया की निर्धारित करें। जिला चिकित्सालय तथा मेडिकल कालेज में इसके लिए नोडल अधिकारी तैनात करें। रोगी को उपचार की तत्काल सहायता प्राप्त हो सके इसके लिए प्रक्रिया तत्काल पूरी कराकर एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराएं। जो भी गंभीर रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति हो उसे पीएम श्री एंबुलेंस सेवा का लाभ देना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि एयर एंबुलेंस सेवा का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं जिससे हर पात्र रोगी इसका लाभ ले सके। आयुष्मान कार्डधारी रोगी को राज्य के भीतर और बाहर सभी सरकारी अस्पतालों में एयर एंबुलेंस से निश्शुल्क परिवहन की सुविधा है। दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अनुसंशा पर कलेक्टर द्वारा संभाग के अंदर के सरकारी अस्पतालों में निश्शुल्क एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जाएगी। संभाग के बाहर के अस्पतालों के लिए आयुक्त स्वास्थ्य मंजूरी देंगे। एयर एंबुलेंस की सुविधा मिलने से गंभीर रोगियों के उपचार में देरी नहीं होगी। बैठक में मेडिकल कालेज के डीन डॉ अग्रवाल ने एयर एंबुलेंस की सुविधा देने के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, डॉ एमएल गुप्ता, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव तथा अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेंशन प्रकरण 30 जून तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें : कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा है कि 31 मई तक सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण तत्काल प्रस्तुत करें। आवश्यक अभिलेखों के साथ पेंशन प्रकरण 30 जून तक संभागीय पेंशन कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। पूर्व से दर्ज पेंशन प्रकरणों में यदि किसी तरह की कमी है तो उसकी भी एक सप्ताह में पूर्ति कराकर लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर पेंशन प्रकरणों के निराकरण की टीएल बैठक में समीक्षा करें। कार्यालयों के निरीक्षण के समय भी लंबित पेंशन प्रकरणों की जानकारी लें। यदि किसी कार्यालय में बिना उचित कारण के पेंशन प्रकरण लंबित पाया गया तो संबंधित कार्यालय प्रमुख और पेंशन शाखा के लिपिक के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## पीएम श्री एयर एंबुलेंस की सुविधा लेने वाले प्रथम रोगी बने रीवा के गोविंदलाल

**आयुष्मान कार्डधारी गोविंदलाल को निःशुल्क मिली एयर एंबुलेंस की सुविधा**



**रीवा।** रोगी को समय पर उपचार सहायता मिल जाए तो उसके प्राणों का संकट दूर हो जाता है। मध्यप्रदेश सरकार ने आयुष्मान कार्डधारी रोगियों तथा दुर्घटना एवं प्राकृतिक आपदा में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को पीएम श्री एयर एंबुलेंस की निश्शुल्क सुविधा दी है। इस सुविधा का लाभ रीवा के गोविंदलाल तिवारी ने लिया। आयुष्मान कार्डधारी 50 वर्षीय गोविंदलाल तिवारी को एयर एंबुलेंस की सुविधा देकर उपचार के लिए रीवा से भोपाल रवाना किया गया। मऊगंज जिले के देवतालाब के समीप ग्राम जुड़मनिया मुरली निवासी श्री तिवारी को 23 जनवरी की रात हृदय में पीड़ा हुई। उन्हें गंभीर हार्टअटैक हुआ। परिजन उन्हें तत्काल लेकर मेडिकल कालेज रीवा पहुंचे। प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ। अपेक्षानुरूप सुधार न मिलने पर डॉक्टरों ने श्री तिवारी को भोपाल के लिए रेफर किया। श्री तिवारी को एयर एंबुलेंस के माध्यम से शाम 7 बजे भोपाल के लिए रवाना किया गया। उनके साथ में दो परिजन भी भोपाल गए हैं। गंभीर रोगी श्री गोविंदलाल तिवारी की बहन श्रीमती सुनीता देवी ने बताया कि मेरे भाई को पिछली रात हार्टअटैक हुआ। उनका इलाज रीवा में मेडिकल कालेज में कराया गया। बेहतर इलाज के लिए हम लोगों ने भाई गोविंदलाल को भोपाल ले जाने की इच्छा की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शुरू की गई पीएम श्री एयर एंबुलेंस सुविधा का हमे लाभ मिला। बिना किसी खर्च के हम उपचार के लिए अपने भाई को भोपाल तत्काल ले जा पा रहे हैं। इस सुविधा के लिए मैं मध्यप्रदेश सरकार, उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल तथा विधायक श्री गिरीश गौतम को हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ।

## उप मुख्यमंत्री 25 जून को दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का करेंगे शुभारंभ

**25 जून से 27 अगस्त तक घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी**

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल होटल अशोका लेक व्यू भोपाल में प्रातः 11 बजे दस्तक सह स्टॉप डायरिया प्रदेशव्यापी अभियान का शुभारंभ करेंगे। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल उपस्थित रहेंगे। बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार/रेफरल सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में प्रतिवर्ष दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना है। वर्ष 2024-25 में दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान 25 जून से 31 अगस्त 2024 तक संचालित किया जायेगा। बच्चों में स्वास्थ्य विसंगतियों का चिन्हांकन कर किया जाएगा प्रबंधन - दस्तक अभियान के अन्तर्गत बीमार नवजातों और बच्चों की पहुँच, प्रबंधन एवं रेफरल एवं अस्पताल से छुट्टी प्राप्त बच्चों का फोलोअप किया जाएगा। 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों में विटामिन 'ए' की खुराक का अनुपूरण और 0 से 5 आयु वर्ष के बच्चों में दस्त की पहचान एवं नियंत्रण हेतु ओ.आर. एस. एवं जिंक का वितरण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही 0-5 आयु वर्ष के बच्चों में निमोनिया, जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलम्ब, गंभीर कुपोषण की त्वरित पहचान और प्रबंधन का कार्य किया जाएगा। 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों में गंभीर अनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन के साथ शिशु एवं बाल आहारपूर्ति सम्बन्धी समझाइश समुदाय को दी जाएगी। आंशिक रूप से टीकाकृत बच्चों या टीकाकरण से छूटे बच्चों की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक निदानात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## बच्चों के अधिकारों के प्रति आम लोगों को जागरूक करें : परमार




**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्री कल्पेंद्र परमार ने सिरमौर में लगाए जा रहे शिविर के तैयारी की समीक्षा की। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग का गठन 2006 में किया गया इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को दिए गए संवैधानिक अधिकारों का लाभ देना है। यदि कोई बच्चा किसी भी कारण से अपना वैधानिक अधिकार पाने से वंचित है तो उसे वह अधिकार दिलाया जाएगा। बाल संरक्षण अधिकार से संबंधित बड़ी संख्या में शिकायतें आयोग को प्राप्त हो रही है। इनका प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से निराकरण कराया जा रहा है। वर्ष 2019 में आयोग ने 55 बेंच के माध्यम से देश के 116 जिलों में शिविर लगाकर शिकायतों का निराकरण किया। इन शिविरों के माध्यम से आम जनता में जागरूकता का संचार हुआ जिसके कारण आयोग को हर साल मिलने वाली शिकायतों की संख्या 5000 से बढ़कर अब लगभग 250000 पहुंच गई है। बच्चों को कई अधिकार दिलाए गए हैं। इसके अलावा चाइल्ड हेल्पलाइन बाल विवाह निषेध अधिनियम किशोर न्याय बोर्ड शिक्षा का अधिकार अधिनियम पाक्सो एक्ट सहित कई संवैधानिक प्रावधान किए गए हैं। इनका लाभ बच्चों को हर हाल में मिलना चाहिए। बच्चों के संरक्षण के लिए किए गए उपायों का व्यापक प्रचार प्रसार करें। इसके लिए जिला स्तर विकासखंड स्तर तथा प्रमुख शिक्षण संस्थानों में जन जागरूकता शिविर का आयोजन करें। स्वयं सेवी संस्थाएं भी बच्चों के अधिकारों के लिए चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान में सहयोग करें। सिरमौर में 25 जून को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बाल संरक्षण से जुड़ी शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। साथ ही पात्र बच्चों को दिव्यांग सर्टिफिकेट ,आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड तथा बैंक खाता खोलने की सुविधा दी जाएगी ।संबंधित विभाग इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों के कल्याण के कार्यक्रमों की सतत निगरानी की जा रही है। चाइल्ड लाइन हेल्प नंबर 1098 का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सिरमौर में आयोजित होने वाले शिविर में अधिक से अधिक बच्चों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा ।सभी संबधित अधिकारी पूरी तैयारी के साथ शिविर में उपस्थित रहें। बच्चों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की हर स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने सिरमौर में आयोजित होने वाले शिविर के संबंध में की गई व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल संयुक्त कलेक्टर पी के पांडे, सी एम एच ओ डा.संजीव शुक्ला, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति, परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी तथा विभिन्न स्वयं से भी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच आज सिरमौर में करेगी सुनवाई

**रीवा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच 25 जून को सिरमौर में बच्चों के अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई करेगी। शिविर में चिन्हित बच्चों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से सिरमौर तथा जवा विकासखण्डों के बच्चे शामिल होंगे। इनका पंजीयन सुबह 9 बजे से सामुदायिक भवन में शुरू हो जाएगा। शिविर की कार्यवाही सुबह 10 बजे से आरंभ होगी। शिविर में बच्चों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने तथा अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने की व्यवस्था की गई है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल बोर्ड की टीम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी तथा दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। छात्रवृत्ति वितरण, खाद्यान्न वितरण, शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा यौन दुर्व्यवहार के प्रकरणों की सुनवाई भी की जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार द्वारा सीपीसीआर अधिनियम 2007 के तहत गठित संवैधानिक निकाय है। आयोग का मुख्य उद्देश्य बच्चों को संविधान के विभिन्न प्रावधानों के तहत दिए गए अधिकारों का लाभ देने के लिए प्रत्येक बच्चे को सक्षम बनाना है। आयोग की बेंच सुनवाई के दौरान बच्चे, उसके माता-पिता, संरक्षक अथवा बच्चे की देखभाल करने वाले द्वारा प्रस्तुत शिकायतों की सुनवाई करेगी। शिविर में बालश्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास, एसिड हमले के पीड़ितों, निराश्रित बच्चों, शारीरिक दुर्व्यवहार और शोषण से पीड़ित बच्चों तथा घरेलू हिंसा के शिकार बच्चों के प्रकरणों की सुनवाई करेगी। शिविर में पुलिस द्वारा बच्चों के दुर्व्यवहार, अवैध दत्तक ग्रहण, बच्चों के खिलाफ हिंसा, बच्चे की तस्करी, सड़कों पर बेसहारा तथा भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों, दिव्यांगता से पीड़ित बच्चों की शिकायतों पर भी सुनवाई की जाएगी। बच्चों के कल्याण से जुड़ी योजनाएं तथा कार्यक्रम संचालित करने वाले सभी विभाग शिविर में उपस्थित रहेंगे।

## मानसिक रूप से विकसित बच्चों के शिक्षण-प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु साक्षात्कार 26 जून को

**रीवा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित मानसिक रूप से अविकसित बच्चों के गृह में प्रवेश 18 जून से प्रारंभ हो गया है। इच्छुक अभिभावक दिव्यांग बच्चों को प्रवेश दिलाने हेतु आवेदन 26 जून को दोपहर 12 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए साक्षात्कार 26 जून को ही दोपहर 12.30 बजे से होगा। अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र 6 से 12 वर्ष के बीच हो, जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा 40 प्रतिशत विकलांगता प्रमाण पत्र, बच्चे को संक्रामक रोग न हो तथा उसे शौच आदि संबंधी आदतें भली-भांति आती हो। आवेदन के साथ राशन कार्ड, आधार कार्ड, चाइल्ड समग्र आईडी कार्ड, यूआईडी, परिवार समग्र आईडी, मोबाइल नम्बर, बैंक खाता नम्बर तथा जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी मोबाइल नम्बर 9893925290, 9303941665, 9179212330 एवं 99812229000 से प्राप्त की जा सकती है।

## जिले में अब तक 21.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में एक जून से अब तक 21.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें तहसील हुजूर में 24.2 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 12 मिलीमीटर, गुढ़ 4 मिलीमीटर, सिरमौर 40.2 मिलीमीटर, त्योंथर 8 मिलीमीटर, सेमरिया 27 मिलीमीटर, मनगवां 22 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 37 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष 24 जून तक 10.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## संभागीय आईटीआई रीवा में रोजगार मेला 26 जून को

**रीवा।** संभागीय आईटीआई रीवा के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन किया जा रहा है। इसके लिए 26 जून को प्रातः 10 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि रोजगार मेले में वेसमेट इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा आईटीआई पास एवं 12वी पास प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार का अवसर दिया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव में आवेदन करने के लिए 60 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है। इसमें आईटीआई के 2022, 2023 और 2024 के विद्यार्थियों को मौका दिया जा रहा है। बीएससी और बीकॉम पास विद्यार्थी भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। कंपनी द्वारा जूनियर एसोसिएट के पद के लिए फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मशीनिस्ट तथा इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाय के लिए भी आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए प्रशिक्षणार्थियों की आयु 18-25 वर्ष होना आवश्यक है। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक दस्तावेज एवं पासपोर्ट साइज की दो फोटो लेकर आना आवश्यक होगा। चयन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा।

## श्रेणी में सुधार होने पर ही मिलेगा डी श्रेणी वाले अधिकारियों को वेतन : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने 13 विभागों के डी श्रेणी तथा दो विभागों के सी श्रेणी में रहने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का प्रतिदिन निराकरण करें। इनके निराकरण का प्रतिवेदन हर सप्ताह प्रस्तुत करें। जो विभाग डी श्रेणी में हैं उन सभी को अपर कलेक्टर वेतन रोकने का कारण बताओ नोटिस दें। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में डी श्रेणी से विभाग के बाहर निकलने के बाद ही संबंधित अधिकारियों के वेतन को मंजूरी दें। कलेक्टर ने प्रभारी जिला श्रम पदाधिकारी, जिला खनिज अधिकारी तथा तहसीलदार मनगवां को वेतन अवरूद्ध करने का नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों का भी प्राथमिकता से निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि श्रम विभाग, वित्त विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग, आदिमजाति कल्याण विभाग तथा आबकारी विभाग के अधिकारी प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। जिला अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की स्वयं समीक्षा करें। लापरहवाही बरतने वाले अधीनस्थ अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही करें। जिला आबकारी अधिकारी सिरमौर वृत्त के निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवाही करें। लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में 1625 शिकायतें लंबित हैं। इनमें से 1192 हैण्डपंपों के सुधार से संबंधित हैं। कार्यपालन यंत्री पीएचई तत्परता से कार्यवाही कर इनका निराकरण करें। जिला प्रबंधक जल निगम कंदैला समूह नलजल योजना की शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। नलजल योजना से सभी गांवों में सभी बसाहटों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। हैण्डपंपों में अवैध कब्जे की 43 शिकायतें हैं। कार्यपालन यंत्री पीएचई इनका निराकरण कराएं। सभी एसडीएम भी तीन दिवस में हैण्डपंपों से अवैध कब्जा हटाकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि अपर कलेक्टर राजस्व विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग की शिकायतों का निराकरण कराएं। सीमांकन के सभी आवेदनों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। प्राकृतिक आपदा से राहत तथा अन्य राजस्व प्रकरणों से जुड़ी शिकायतों का निराकरण कराएं। सभी एसडीएम सप्ताह में कम से कम दो दिन क्षेत्र का भ्रमण करें। भ्रमण के बाद प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल, अस्पताल, उचित मूल्य दुकान आदि का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सभी ग्राम पंचायत कार्यालयों का समय पर खुलना सुनिश्चित करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सुपरवाइजरों को हर सप्ताह आंगनवाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण का लक्ष्य देकर आंगनवाड़ी केन्द्रों का नियमित संचालन सुनिश्चित कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लोक सेवा गारंटी योजना से जुड़े विभागों के अधिकारी प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें। विधानसभा सत्र शीघ्र ही शुरू होने वाला है। विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तत्काल ऑनलाइन दर्ज कराएं। इसकी एक प्रति कलेक्टर कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।

## अपर कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टर के मध्य कार्य विभाजन

**रीवा।** कलेक्टरह श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट में पदस्थ अपर कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टर के मध्य कार्य विभाजन करते हुए शासकीय दायित्व सौंपे हैं। श्रीमती सपना त्रिपाठी अपर कलेक्टर को अपर कलेक्टर एवं अपर दण्डाधिकारी, संभागीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, प्रभारी अधिकारी जिला आपूर्ति विभाग का कार्य सौंपा गया है। वह कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन भी करेंगी। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर श्रेयश गोखले को अपने वर्तमान दायित्व के साथ-साथ जिला आपूर्ति नियंत्रक, प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख एवं व्यवहारवाद का दायित्व सौंपा गया है। श्रीमती शिखा वर्मा जिला विपणन अधिकारी को जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का प्रशासकीय एवं आहरण संवितरण कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह अधिकारी कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए कार्यों का निर्वहन भी करेंगे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833